# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्षः 13 | अंकः 198 | गौतमबुद्धनगर, रविवार 16 जून 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रूपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




**P- 3**

5 महीने नोएडा में 152 करोड़ का मादक पदार्थ



**P- 4**

जिले की सभी तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



**P- 5**

दक्षिण अफ्रीका के दोबारा राष्ट्रपति चुने गए रामफोसा, 19 को लेंगे



**P- 6**

नीतीश कुमार ने बिहार के लोगों की इज्जत बेच दीः प्रशांत किशोर



## हैप्पी मॉर्निंग

पति-पत्नी के बीच लड़ाई हुई... पत्नी बाजार जाके जहर लाई और खा लिया! लेकिन वो मरी नहीं बल्कि बीमार पड़ गई... पति गुस्से से बोला- 100 बार कहा है कि चीजें देख कर खरीदा करो, अब पैसे भी गए और काम भी नहीं हुआ...!!!



## शायरी

आतंकवाद से धरा दूषित हैं ,इसे शुद्ध हो जाने दो,
हाथ खोल दो वीरो के अब महायुद्ध हो जाने दो !!

## अर्थसार

सेंसेक्स:
76,992.77
+181.88 (0.24%)
निफ्टी:
23,465.60
+66.70



## मौसम



अधिकतम : 44 डिग्री से0
न्यूनतम : 33 डिग्री से
सूयोदय सोमवार : 5 : 35
सूर्यास्त रविवार : 7 : 31

# छत्तीसगढ़ में फोर्स ने 8 नक्सलियों को मार गिराया

## अबूझमाड़ में एक जवान शहीद, 2 घायल; 161 दिन में 141 माओवादी ढेर



जगदलपुर। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र की सीमा पर नारायणपुर के अबूझमाड़ के कुतुल इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। एनकाउंटर में शनिवार को जवानों ने 8 माओवादियों को ढेर कर दिया है। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। इस मुठभेड़ में स्त्रस्त्र के 1 जवान नितिश एक्का शहीद हो गए। वहीं दो घायल हैं, जिन्हें रायपुर एयर लिफ्ट किया गया। इस साल जनवरी से अब तक 161 दिन में जवानों ने 141 नक्सली ढेर किए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुतुल, फरसबेड़ा, कोड़तामेटा इलाके में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसके बाद बस्तर संभाग के जगदलपुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव और कांकेर से डीआरजी और एसटीएफ के करीब 1400 जवानों ऑपरेशन के लिए भेजे गए। पिछले 3 दिनों से DRG, ITBP, STF, और बीएसएफ जवानों ने ऑपरेशन चलाया था। मौके से बंदूक और भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक मिले हैं।

### 7 दिन पहले 7 नक्सली मारे गए

दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बस्तर जिले की सीमा में मुठभेड़ हुई थी। जिसमें नक्सलियों ने 7 नक्सलियों को मार गिराया था। मारे गए नक्सलियों के शव समेत हथियार भी बरामद किए थे। मारे गए नक्सलियों में एक DVCM कैडर का कंपनी कमांडर था। जिस पर 8 लाख रुपए का इनाम घोषित है। वहीं 3 जवान भी जख्मी हुए हैं।

### सीएम साय ने जवान की शहादत पर जताया दुख

नारायणपुर जिले के ओरछा थाना के अंतर्गत फरसबेड़ा-धुरबेड़ा के बीच सुरक्षाबलों की नक्सलियों संग हुई मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में एसटीएफ के एक जवान के शहीद होने और 2 जवानों के घायल होने की भी दु:खद खबर आ रही है। घायल जवानों को तत्काल एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए राजधानी रायपुर लाया जा रहा है। ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति और घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। नक्सलियों के खिलाफ हो रही कड़ी कार्रवाई से नक्सली विचलित हैं।

# उत्तराखंड हादसे में 14 की मौत, 12 जख्मी

## ट्रैवलर सड़क से फिसलकर 660 फीट नीचे अलकनंदा नदी में जा गिरा

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड के बद्रीनाथ हाईवे पर शनिवार, 15 जून को सुबह 11 बजे एक टैंपो ट्रैवलर बेकाबू होकर अलकनंदा नदी में गिर गया। हादसे में 14 पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि 12 घायल हैं। 7 गंभीर घायलों को हेलिकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स में भर्ती कराया गया है। ट्रैवलर में 26 यात्री सवार थे। सभी बद्रीनाथ दर्शन के लिए जा रहे थे। पर्यटक नोएडा और दिल्ली के हैं। हादसे की वजह ड्राइवर को झपकी लगना बताया जा रहा है। हालांकि अब तक इस पर प्रशासन का आधिकारिक बयान नहीं आया है। हादसा जहां हुआ, वह ऑल वेदर हाईवे है। ट्रैवलर बाउंड्री तोड़ते हुए करीब 660 फीट (200 मीटर) से ज्यादा नीचे खाई में जा गिरा। नदी का किनारा होने के चलते अलकनंदा के तेज बहाव में ट्रैवलर बहा नहीं। घटनास्थल के नजदीक ही रेलवे प्रोजेक्ट का काम चल रहा है।

3 मजदूर लोगों को बचाने नदी में कूदे। इनमें से 2 वापस आ गए, लेकिन 1 की मौत हो गई।

### दिल्ली-एनसीआर के पर्यटक

पुलिस ने बताया कि ट्रैवलर हरियाणा नंबर का है। दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले पर्यटकों ने इसकी बुकिंग कराई थी। शुक्रवार शाम को यह दिल्ली से रवाना हुए। रातभर ट्रैवलर चलता रहा। शुरुआती जांच में ड्राइवर को झपकी आने के चलते हादसा होने की आंशका है, क्योंकि घटना के वक्त हाईवे पर ज्यादा ट्रैफिक नहीं था। डीएम गढ़वाल ने सीएम के आदेश पर हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। इसमें ट्रैवलर की भी जांच की जा रही है।





### मरने वालों के परिजन को 2-2 लाख की मदद

प्रधानमंत्री राहत कोष से मरने वालों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों के लिए पचास-पचार हजार रुपए देने का ऐलान किया गया है। पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। गंभीर रूप से घायलों को 40-40 हजार और सामान्य घायलों को 10-10 हजार की आर्थिक सहायता देने के भी निर्देश दिए हैं।

# गर्मी से महिला पर्यटक समेत 3 की मौत

## शाम 4 बजे प्रयागराज में 45, गोरखपुर में 42 डिग्री पहुंचा पारा



वाराणसी। यूपी की गर्मी अब रिकॉर्ड तोड़ रही है। शाम 4 बजे प्रयागराज में 45, गोरखपुर में 42 डिग्री पारा पहुंच गया। वाराणसी में गर्मी से महिला पर्यटक समेत 3 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग का कहना है कि 22 जून तक यूपी में मानसून आएगा। पूर्वांचल के रास्ते मानसून यूपी में एंट्री करेगा। अभी मानसून बिहार पहुंचा है।

अब रातें बेहद गर्म हो रही हैं। 30 शहरों में रात का तापमान 30 डिग्री के पार चला गया। सोनभद्र और भदोही में शुक्रवार रात तापमान 35एष्ट सेल्सियस पार कर गया। प्रयागराज में गर्मी ने 127 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। यहां रात का यानी न्यूनतम पारा 34.3 डिग्री दर्ज किया गया।

### इन शहरों में गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़े...

सोनभद्र-भदोही में 20 साल पहले रात का पार 34 डिग्री दर्ज किया था। शुक्रवार रात को यह रिकॉर्ड टूट गया। 35 डिग्री के पार चला गया। प्रयागराज में 1898 के बाद पहली बार जून में न्यूनतम पारा 34 डिग्री के पार पहुंचा। इससे पहले 16 जून 2019 को 33.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। अयोध्या में गर्मी ने 12 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। 14 जून को पारा 44 दर्ज किया गया। यानी 2012 में इस दिन इतनी गर्मी पड़ी थी। लखनऊ में 7 साल का रिकॉर्ड टूटा। यहां दिन का अधिकतम तापमान 45.3 दर्ज किया गया।

## नीट पेपर लीक- ईओयू ने 9 कैंडिडेट्स को नोटिस भेजा

पटना। नीट पेपर लीक की जांच कर बिहार की आर्थिक अपराध इकाई ने 9 परीक्षार्थियों को पूछताछ के लिए बुलाया है। ईओयू इनके पेरेंट्स से भी पूछताछ करेगी। जिन परीक्षार्थियों को नोटिस भेजा गया है वे बिहार के अलग-अलग जिलों से हैं। ईओयू के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लों ने बताया कि पुलिस की अब तक छानबीन में सॉल्वर गैंग के पास 13 परीक्षार्थियों के रोल कोड मिले थे। इनमें से चार को पुलिस ने पेपर लीक का केस सामने आते ही गिरफ्तार कर लिया था। बाकी 9 परीक्षार्थियों के बारे में जानकारी के लिए ईओयू ने परीक्षा का संचालन करने वाली एजेंसी एनटीए से जानकारी मांगी थी।

**बाल मजदूरी** — स्कूल बसों में भरकर लाते थे, 15-15 घंटे करवाते थे मजदूरी

# भोपाल की शराब फैक्ट्री में मिले 50 से ज्यादा बच्चे, किया रेस्क्यू



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के पास स्थित रायसेन जिले में शनिवार को पुलिस ने सोम डिस्टिलरी नाम की शराब फैक्ट्री में छापा मारा, यहां पर शराब बनाने के काम में 50 से ज्यादा बच्चे काम करते पाए गए। जिसके बाद इस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। यह कार्रवाई राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष से मिली शिकायत के बाद पुलिस ने की।

इस कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा, हमें बचपन बचाओ आंदोलन एनजीओ से शिकायत मिली थी कि मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के सेहतगंज में सोम डिस्टलरी नाम की एक शराब फैक्ट्री में बच्चों से मजदूरी कराई जा रही है। आज मैंने यहां आकर निरीक्षण किया और यहं पाया कि 50 से अधिक बच्चे यहां शराब बनाने के काम में संलग्न थे। उन बच्चों को हम रेस्क्यू करने की कार्रवाई कर रहे हैं।

इन बच्चों को स्कूल बसों में लाया जाता था। स्कूल बसें भी यहां खड़ी मिली हैं। इन बच्चों को बेहद कम पारिश्रमिक दिया जाता था, 15-15 घंटे उन परिस्थितियों में काम करवाया जाता था, जहां आप और हम खड़े भी नहीं हो सकते। ये किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत गैर जमानती अपराध है, हम एफआईआर करवा रहे हैं, इसके मालिक को गिरफ्तार करवाएंगे।

उन्होंने कहा कि बाल आयोग इस मामले को अंत तक पहुंचाने के लिए काम करेगा, ताकि इन अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई हो और उन्हें उचित सजा मिले। हम इस फैक्ट्री के मालिकों के खिलाफ मुकदमा करवाएंगे।

कानूनगो ने शराब फैक्ट्री में मिले बच्चों की हालत बताते हुए कहा, आप इन बच्चों के हाथ देखिए, उनके हाथों की त्वचा गल चुकी है। 14 साल, 15 साल, 6वीं क्लास के, नौवीं क्लास के बच्चे शराब बनाने का काम कर रहे हैं। ये अमानवीय है, ये पाप है, ये अक्षम्य पाप है, इसलिए ना केवल इन लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी, बल्कि इनको जेल भेजा जाए और इनको सजा मिले, आयोग यह भी सुनिश्चित करेगा।

आगे उन्होंने कहा, आयोग इस बात को सुनिश्चित करने की कोशिश भी करेगा कि इन बच्चों का पुनर्वास हो सके और इन्हें मुआवजा मिल सके, इन सबकी निगरानी भी आयोग खुद करेगा। हम यह भी पता लगाने की कोशिश करेंगे कि इन बच्चों को यहां अगवा करके या तस्करी करके तो नहीं लाया गया था। हम इसके लिए भी पुलिस को पत्र भी लिख रहे हैं।

# पूर्व सीएम जगन रेड्डी के आवास पर चला बुलडोजर



हैदराबाद। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी के आवास लोटस पौंड से सटे फुटपाथ पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। जगन के आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री का पद छोड़ने के 10 दिन के बाद यह कदम उठाया गया है। जीएचएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, निगम अधिकारियों ने जगन के आवास के पास फुटपाथ पर टाइल लगाने के लिए परिसर की दीवार से सटे निर्माण को हटा दिया। इन ढांचों का उपयोग सुरक्षाकर्मी करते थे।

जीएचएमसी के टाउन प्लानिंग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन लोगों ने जगन के आवास पर संबंधित व्यक्ति से छह महीने पहले ढांचा हटाने के लिए कहा था, ताकि फुटपाथ पर काम कराया जा सके। कॉलोनी के निवासियों ने फुटपाथ के अतिक्रमण के बारे में शिकायत की थी। अतिक्रमण से सड़क पर आने-जाने वालों को असुविधा हो रही थी। संपर्क किए जाने पर वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने कहा कि ढांचे पूरी तरह अस्थायी थे और वर्षा एवं गर्मी के दौरान सुरक्षाकर्मियों की सुविधा के लिए इनका निर्माण कराया गया था।

# शीना बोरा हत्याकांड- 2012 में जब्त हड्डियां गायब

**सीबीआई ने कहा- बहुत ढूंढने पर भी नहीं मिल रहीं; फोरेंसिक एक्सपर्ट की गवाही से खुलासा**



मुंबई। शीना बोरा हत्याकांड में एक नया मोड़ आया है। 2012 में रायगढ़ के पेन गांव के जंगल से जब्त की गई जिन हड्डियों को सीबीआई ने शीना बोरा के अवशेष बताया था, वो अब लापता हैं। हड्डियों को जांच के लिए मुंबई के जेजे अस्पताल भेजा गया था। मुंबई की स्पेशल कोर्ट में गुरुवार को सीबीआई ने बताया कि बहुत ढूंढने के बावजूद भी ये हड्डियां नहीं मिल रही हैं। दरअसल, INX मीडिया की पूर्व सीईओ इंद्राणी मुखर्जी की बेटी शीना बोरा की 2012 में गला घोंटकर हत्या की गई थी। आरोप है कि इंद्राणी ने अपने पूर्व पति संजीव खन्ना और ड्राइवर श्यामवर राय के साथ मिलकर शीना की हत्या की थी। इसके बाद उन्होंने शव को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के पेन गांव के जंगल ले जाकर जला दिया था। पुलिस ने पेन गांव से 2012 में कुछ हड्डियां जब्त की थीं। जांच में पता चला था कि हड्डियां किसी जानवर की नहीं, बल्की इंसानी हैं। 3 साल तक हत्याकांड के बारे में किसी को पता नहीं चला था। 2015 में एक अन्य केस में पुलिस ने इंद्राणी के ड्राइवर राय को गिरफ्तार किया था। इस दौरान उसने शीना बोरा की हत्या का खुलासा किया। केस की जांच कर रही सीबीआई ने 2015 में फिर से जंगल से कुछ अवशेष इकट्ठा किए। सीबीआई ने इन अवशेषों को जांच के लिए एम्स दिल्ली भेजा। सीबीआई इन अवशेष को 2012 में मिली हड्डियों के साथ मिलान करना चाहती थी। 2012 जब्त की गई हड्डियों के गुम होने की बात गुरुवार को जेजे अस्पताल की फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. जेबा खान की गवाही के दौरान सामने आई।

# नीट-यूजी परीक्षा मामले की सीबीआई जांच की मांग

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) केंद्रीय शिक्षा धर्मेंद्र प्रधान से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी 2024) को लेकर उठ रहे सवालों की केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच कराने और दोषियों के खिलाफ शीघ्रता से कार्रवाई करने की मांग की है। अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र सोलंकी और शिवांगी खरवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को यहां प्रधान से मुलाकात की और एनटीए द्वारा आयोजित नीट-यूजी 2024 के आयोजन की प्रक्रिया और परिणामों में गड़बड़ी पर उठ रहे प्रश्नों की सीबीआई से जांच करा संलिप्त दोषियों पर शीघ्रता से कार्रवाई करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

गौरतलब है कि इस परीक्षा के आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों में अनियमितता दिखी और कुछ केंद्रों पर सॉल्वर और प्रश्न पत्र बाटने जैसी घटनाएं सामने आई।




# संपादकीय

## भूख से लड़ते हुए जाति और धर्म की दीवारें

**बांटते हैं लोग यहां, जाति और धर्म के नाम पर,**
**भूख तो सबको है, चाहे हो हिंदू या मुसलमान का दर।**
**इंसानियत से बढ़कर न कोई धर्म है, न जाति,**
**सबसे पहले है भूख मिटाना, यही है सबसे बड़ी बात।**



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

बड़ी अजीब बात है कि जब इंसान भूख से तड़प रहा होता है, तब भी उसकी आंखों के सामने जाति और धर्म की दीवारें खड़ी रहती हैं। यह सवाल हमारे समाज की सबसे गहरी और पुरानी समस्याओं में से एक है। भूख और गरीबी की स्थिति में भी हम अपनी पहचान के आधार पर दूसरों को विभाजित करने से नहीं चूकते

### जाति और धर्म की जंजीरें

हमारे देश में सदियों से जाति और धर्म के नाम पर विभाजन होते आए हैं। इन विभाजनों ने हमें इतना अंधा कर दिया है कि हम इंसानियत को भूल गए हैं। भूख, जो कि एक प्राकृतिक आवश्यकता है, वह भी हमारे सामाजिक संरचना के कारण जटिल हो जाती है। यह विडंबना है कि जिस समय हमें सबसे ज्यादा एकता की जरूरत होती है, उस समय हम सबसे ज्यादा बंटे हुए होते हैं।

### भूख की पहचान

भूख का कोई धर्म नहीं होता, भूख का कोई रंग नहीं होता। जब पेट खाली होता है, तो न जाति की चिंता होती है न धर्म की। लेकिन समाज ने ऐसे हालात बना दिए हैं कि भूख से तड़पते हुए भी हम अपनी पहचान से बाहर नहीं निकल पाते। यह एक बहुत ही दुखद स्थिति है।

### समाधान की ओर

समाज में इस विभाजन को समाप्त करने के लिए हमें सबसे पहले अपनी सोच बदलनी होगी। हमें यह समझना होगा कि इंसानियत सबसे ऊपर है। हमें जाति और धर्म के नाम पर बंटने की बजाय एक दूसरे की मदद करनी होगी।

### रास्ता आगे

हमें इस समाज को एक ऐसी जगह बनाना होगा जहां हर इंसान को उसकी भूख मिटाने के लिए सम्मानपूर्वक भोजन मिले, बिना किसी भेदभाव के। इसके लिए हमें कुछ ठोस कदम उठाने होंगे-

1. शिक्षा और जागरूकता : हमें स्कूलों और समाज में शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से यह सिखाना होगा कि सभी इंसान बराबर हैं।
2. नीतिगत सुधार : सरकार को ऐसी नीतियाँ बनानी चाहिए जो भूखमरी को समाप्त करने में मदद करें, और इस प्रक्रिया में किसी प्रकार का भेदभाव न हो।
3. समुदाय की भूमिका : स्थानीय समुदायों को एकजुट होकर भेदभाव के खिलाफ खड़ा होना होगा और भूखमरी के खिलाफ लड़ाई में एक दूसरे का सहयोग करना होगा।

### आशा की किरण

अगर हम इस दिशा में एकजुट होकर प्रयास करें, तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा समाज भूख और विभाजन से मुक्त हो सकेगा। एक ऐसा समाज जहां हर व्यक्ति को उसके अधिकार मिलें, और कोई भी भूखा न सोये।

# लोकसभा 2024 का जनादेश रखता है मायने अनेक

**संजय सक्सेना**




लोकतंत्र की बुनियाद चुनाव हैं और चुनाव में नेता और वोटर एक-दूसरे को संवाद व अन्य माध्यमों से परखते हैं, लेकिन अब संवाद का सिलसिला काफी बदल गया है। बड़े नेताओं की जनसभाओं के दौरान सब कुछ मोबाइल से हो रहा है।

लोकसभा चुनाव का शोर थम गया है। अब नतीजों की समीक्षा का दौर है। सभी दलों के नेता अपनी-अपनी खामियां और खूबियों का आकलन कर रहे हैं। मगर आम आदमी के नज़रिये से देखा जाए तो यह चुनाव कई मायनों में निचले से निचले स्तर पर जाता दिखा। तमाम दलों के नेता उनके समर्थक बार-बार अपनी जुबान से जहर उगलते रहे। जाति, धर्म, राम मंदिर, आरक्षण, मुस्लिम आरक्षण, संविधान, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, ईवीएम, किसान से लेकर वो जिहाद, मंगलसूत्र, मुजरा, कानून व्यवस्था, बाहुबली, मिट्टी में मिल गये माफिया, मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाएं सब छाये रहे। एनडीए सरकार की सभी योजनाओं में से प्रति व्यक्ति 5 किलो मुफ्त अनाज सबसे प्रभावी और दूरगामी प्रतीत हुआ। जाति या समुदाय से इतर दूरदराज के इलाकों में जितने भी लोगों से बात हुई, उनमें से अधिकांश ने माना कि उन्हें मुफ्त अनाज मिला है। जरूरतमंदों ने इसके लिए सरकार की खूब सराहना की। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का फायदा उठाने वाला एक बड़ा वर्ग बीजेपी की हौसला अफजाई करता रहा। गुलाम कश्मीर, पाकिस्तान और चीन की भी खूब बात हुई।

जीवन और आजीविका के रोजमर्रा के संघर्ष-रोटी-कपड़ा और रोजगार पूर्वी और पश्चिमी यूपी में हर किसी चुनावी चर्चा का अभिन्न अंग तो रहे, लेकिन चुनावी चर्चा में जाति और समुदाय की केंद्रीयता ज्यादा बनी रही। मोटे तौर पर भाजपा के सामाजिक गठबंधन (उच्च जातियां, पटेल, निषाद और अन्य जैसे गैर-यादव ओबीसी) और समाजवादी पार्टी (यादव-मुस्लिम) बरकरार हैं। वहीं बसपा अपने दलित कोर वोटरों पर ध्यान केंद्रित करें रही। कई नेताओं ने इधर से उधर पल भी बदला। पूरे देश की तरह उत्तर प्रदेश में पूरी चुनावी बहसों के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही नज़र आए। यहाँ तक कि कई जगह तो भाजपा उम्मीदवार के नाम तक की चर्चा भी नहीं देखने को मिली। ऐसा लग रहा था जैसे नेताओं के सामने पार्टी गौण हो गई थी।यह नजरा बीजेपी,कांग्रेस ही नहीं सभी दलों में देखने को मिला।वहीं कुछ अहम मुद्दे छूट भी गए। खासकर पर्यावरण प्रेमी इस बात से नाराज दिखे कि पर्यावरण, जल, जंगल,जमीन की ओर किसी का ध्यान नहीं गया।

लोकतंत्र की बुनियाद चुनाव हैं और चुनाव में नेता और वोटर एक-दूसरे को संवाद व अन्य माध्यमों से परखते हैं, लेकिन अब संवाद का सिलसिला काफी बदल गया है। बड़े नेताओं की जनसभाओं के दौरान सब कुछ मोबाइल से हो रहा है। सोशल मीडिया पर अलग से लड़ाई जारी थी। एक समय था जब लाउडस्पीकर लगी जीप गांवों में पहुंचती थी, तो बच्चे उसके पीछे भागने लगते थे। इस जीप से बिल्ला लुटाए जाते थे। इन पर प्रत्याशियों की फोटो और चुनाव चिन्ह छपा होता था। बिल्ले को लूटने और इकट्ठा करने का उस वक्त बच्चों से लेकर युवाओं तक में अलग ही क्रेज था। इसी से हमको पता चलता था कि चुनाव आ गया है। यादों के फ्लैशबैक से यह कहना है बरौला निवासी चौधरी बीसी प्रधान का। वह बताते हैं कि अब सोशल मीडिया पर प्रत्याशियों की रील दिखती हैं और वाट्सऐप मेसेज से पता चल रहा है। वक्त के साथ प्रचार सामग्री में यह बड़ा बदलाव आया है। पहले की तरह कपड़े के बैनर और झंडे भी अब नजर नहीं आते हैं। यही नहीं इस चुनाव में दीवारों पर चिपकाए जाने वाले कागज के पोस्टर भी नजर नहीं आ रहे हैं। इस बदलाव को 35-40 साल की उम्र वाला तबका महसूस कर रहा है।

अतीत पर नजर डाली जाये तो पहले राष्ट्रीय दलों के प्रचार के तरीकों और सामग्री की पहुंच आसान थी। चुनावी नारों और लाउडस्पीकर पर बजने वाली रेकार्डेड कैसेट में हर दल के गाने भी अलग रहते थे। इन गानों के बजने से ही घरों में बैठे लोग यह जान जाते थे कि कौन से दल का प्रचार वाहन आया है। अब चुनाव आयोग की बंदिशों के साथ शहरीकरण से छाए शोर में लाउडस्पीकर उपयोगी नहीं बचा है। यही नहीं चुनावी सभाओं में भी अब लाउडस्पीकर की जगह साउंड ही नजर आते हैं। इसी तरह दीवारों पर होने वाली पेंटिंग भी विलुप्त हो गई है। कई और बदलाव भी हो चुके हैं। बात अगर यूपी की करें तो नीला, भगवा, पीला, सफेद यह रंग अलग-अलग दलों के हैं। दादरी निवासी ओमी सिंह (88) बताते हैं कि पहले किसी दल का कोई रंग नहीं था, न ही इतने दल थे। फिर धीरे-धीरे दल और चुनाव में प्रचार सामग्री बढ़ने लगी। प्रत्याशी हाथ से कपड़े पर अपना नाम लिखवाकर और चुनाव चिन्ह बनवाकर चौराहें, बाजार में टांगते थे। नेताओं की बड़ी सभाओं में भी मंच पर यह बैनर ही लगते थे। यह बैनर अलग-अलग दिखें और दूर से समझ में आ जाए इसलिए इनको अलग-अलग रंग दिया जाने लगा। अब मौजूदा समय में हर दल का यह रंग सोशल मीडिया पर भी उनके पोस्टर व फ्लैक्स व होर्डिंग में नजर आता है।

लोकतंत्र को मजबूत करने के लिये चुनाव और उसमें मतदाताओं की भागीदारी काफी अहम है, लेकिन प्रदेश में पश्चिम क्षेत्र से शुरू हुआ लोकसभा का चुनावी सफर सातवें चरण में पूर्वांचल पहुंचते-पहुंचते मतदान प्रतिशत के लिहाज से हांफने हुये भी दिखा।

मतदाताओं ने पहले चरण में जो उत्साह दिखाया वह पूर्वांचल से जुड़ी सीटों पर नहीं दिखा। छठे और सातवें चरण की 14 सीटों पर सबसे कम वोटिंग हुई और पहले से छठे चरण की वोटिंग में सात प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई। पश्चिम उत्तर प्रदेश में पहले चरण के चुनाव में सबसे अधिक 61.11 प्रतिशत वोट पड़े थे जबकि छठे चरण में महज 54.04 प्रतिशत मतदान हुआ। छठे चरणों में उत्तर प्रदेश किसी भी चरण के चुनाव में राष्ट्रीय औसत के करीब भी नहीं पहुंच सका। प्रदेश में अब तक 80 सीटों पर हुए चुनाव में सबसे अधिक वोट बाराबंकी 67.20 और सबसे कम मतदान फूलपुर में 48.91 प्रतिशत पड़े हैं।

वोटिंग में आई गिरावट की वजह मतदाताओं की उदासीनता और गर्मी ही बताई जा रही है। पश्चिमी के सापेक्ष पूर्वांचल में पलायन भी अधिक महत्वपूर्ण है। मई-जून में लगन न होने की वजह से भी लोगों की वापसी भी इस क्षेत्र में कम हुई है। लखनऊ विश्वविद्यालय राजनीति शास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एसके द्विवेदी बताते हैं कि पूर्वांचल के बहुत से लोग रोजी-रोजगार के सिलसिले से बाहर रहते हैं और यदि कोई बड़ी वजह न हुई तो वे वापस नहीं आते हैं। इस बार चुनाव में माफियाओं का हस्तक्षेप भी काफी कम देखने को मिला। इस वजह से भी उनके प्रभाव वाले लोग तटस्थ रहे। बता दें कि प्रदेश में सभी सात चरणों में 2019 के मुकाबले मतदान में कमी देखी गई है। राष्ट्रीय औसत के सापेक्ष भी फासला दो से 11 प्रतिशत (चरणवार) कम देखा गया। वर्ष 2019 में देश भर में 67 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था जबकि उत्तर प्रदेश का औसत आंकड़ा 59.21 प्रतिशत रहा था। चुनाव आयोग का प्रयास 2024 में इस अंतर को पाटने का था। मतदान के बाद यह उम्मीद दम तोड़ते दिख रहा हैं। बेहतर मतदान प्रतिशत के लिहाज से शीर्ष पांच लोकसभा सीटें बाराबंकी (67.20 प्रतिशत), खीरी (64.68 प्रतिशत), अमरोहा (64.58 प्रतिशत), धौरहरा (64.54 प्रतिशत) और झांसी (63.86 प्रतिशत) रहीं। वहीं, सबसे कम मतदान वाले पांच लोकसभा क्षेत्र फूलपुर (48.91 प्रतिशत), मथुरा (49.41 प्रतिशत), गाजियाबाद (49.88 प्रतिशत), प्रतापगढ़ (51.60 प्रतिशत) व गोंडा (51.62 प्रतिशत) रहे।

# सियासत से नहीं बुझेगी दिल्ली की प्यास

वैसे तो मौसम की मार झेल रहे दिल्लीवासियों को हर साल भीषण गर्मी के दौरान पानी की भारी कमी से जूझना पड़ता है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से दिल्लीवासी पानी की भारी किल्लत का सामना कर रहे हैं। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी दिल्ली के जल संकट के लिए कभी दिल्ली के उपराज्यपाल को, तो कभी हरियाणा सरकार को दोषी ठहराती रहीं, तो वहीं उपराज्यपाल जल संकट के लिए पानी की चोरी और बर्बादी को मुख्य कारण बता रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने टैंकर माफिया पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने पर दिल्ली सरकार को कड़ी फटकार लगाई है और यह भी माना है कि इसी वजह से यह समस्या इतना विकराल रूप ले पाई है।

अब जब हिमाचल साफ कह चुका है कि उसके पास दिल्ली को देने के लिए 136 क्यूसेक पानी नहीं है, शीर्ष अदालत ने यह कहते हुए दिल्ली को पानी देने का फैसला अपर रिवर यमुना बोर्ड पर छोड़ा है कि उसके पास जल बंटवारे के जटिल मुद्दे के समाधान की तकनीकी विशेषज्ञता नहीं है।

सवाल यह भी है कि जब हरियाणा द्वारा दिल्ली को पूरा पानी दिया जा रहा है, तो दिल्ली पानी की किल्लत क्यों झेल रही है। दिल्ली वाले पानी के लिए क्यों तरस रहे हैं, मारामारी करने पर क्यों उतारू हैं? असलियत में यह सिलसिला दिल्ली में आप की सरकार के अस्तित्व में आने के साथ से ही लगातार जारी है। दिल्ली को हरियाणा से कुल 1,050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। एक से 22 मई तक हरियाणा मुनक नहर के कैरियर लाइन नहर यानी सीएलसी में 719 क्यूसेक और दिल्ली सब ब्रांच यानी डीएसबी नहर में 350 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। मतदान के दो से तीन दिन पहले इसे 91 क्यूसेक तक कम कर दिया गया। जहां तक मुनक नहर की मरम्मत और रख-रखाव का सवाल है, इसका ठीकरा दिल्ली सरकार पर फोड़ना नितांत गलत है, क्योंकि नहर की मरम्मत और उसके रख-रखाव का जिम्मा हरियाणा सरकार के सिंचाई विभाग का है। हकीकत में मुनक नहर से पानी बवाना लाया जाता है। बवाना से पहले यदि पानी की चोरी होती है, तो इसके लिए हरियाणा सरकार जिम्मेदार है।


यह तो रही दूसरे राज्यों से पानी आने, न आने की बात। कम पानी आने से वजीराबाद जलाशय का स्तर सामान्य से पांच फीट नीचे आ जाना खतरे का संकेत है। दिल्ली में जगह-जगह लोगों के लिए लगाए गए वाटर एटीएम की बात करें, जिसके बारे में भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के बढ़-चढ़कर दावे किए जा रहे थे, तो हकीकत यह है कि वे खराब पड़े हैं। जहां तक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की बात है, तो हाल फिलहाल नौ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट अपनी क्षमता से ज्यादा काम कर रहे हैं। दिसंबर तक द्वारका में एक नया प्लांट बनकर तैयार हो जाएगा। लेकिन, असली समस्या तो पानी की मांग और उपलब्धता की है। दिल्ली में पानी की मांग 1,296 एमजीडी से 1,300 एमजीडी तक है, जबकि सप्लाई केवल 998.8 से 1,000 एमजीडी ही है। स्वाभाविक है 300 एमजीडी पानी की कमी तो बरकरार रहती ही है।

जल संकट के मद्देनजर कुल 587 ट्यूबवेल लगाने की योजना थी। पहले चरण में इनमें से कुछ लगे भी, जिनसे 19 एमजीडी पानी मिल रहा है, जबकि दूसरे चरण में 2,590 ट्यूबवेल के लिए 1,800 करोड़ की राशि की दरकार थी, जिसकी अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। फिर दिल्ली सरकार के जल बोर्ड की क्षमता केवल 90 करोड़ गैलन पानी के ट्रीटमेंट की ही है।

हकीकत यह है कि दिल्ली सरकार खुद ही पानी के ट्रीटमेंट और स्टोरेज पर पूरी तरह ध्यान नहीं दे पा रही है। ऐसे में दिल्ली सरकार दिल्लीवासियों की पानी की जरूरत कैसे पूरी कर पाएगी, यह समझ से परे है। जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार से पानी की बर्बादी रोकने के लिए योजना पेश करने का निर्देश दिया है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3214




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 3213 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक बार चमन अपनी नवविवाहिता पत्नी के साथ फिल्म देखने गया। वहाँ भी उसकी पत्नी हर समय उससे बातचीत में ही लगी रही। तंग आकर उसने इंटरवेल में पत्नी के लिए पान खरीदा और उसे दे दिया।

पत्नी बोली- एक पान तुम भी ले लो?

चमन बोला- मैं तो बिना पान खाए भी खामोश रह सकता हूँ।

□ □ □

चिंटू (चमन से)- क्या तुम बता सकते हो कि एक आदमी नेता बनने के बाद क्या खास काम करता है?

चमन- चुनाव के पहले वह अपना हाथ हिलाता है और बाद में जनता के विश्वास को।


□ □ □

कवि सम्मेलन के दौरान एक व्यक्ति अपने पास की कुर्सी पर बैठे कवि से बोला- कविवर, आपके पास पाँच सौ के छुट्टे है क्या?

कविवर (जिनके जेब में फूटी कौड़ी भी नहीं थी) इत्मीनान से बोले- छुट्टे तो नहीं हैं! किंतु.... यह पूछकर आपने जो मेरा मान बढ़ाया है, उसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूँ।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3214



**बायें से दायें:-**

१. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'राजी राजी मैं हूँ राजी' गीत वाली फिल्म-३
४. 'उनके खयाल आये तो' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,२
६. मिथुन, मधु की 'हुस्न वालों से ये दिल बचाये' गीत वाली फिल्म-५
७. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी देओल, सोहेल, सुनील शेट्टी, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
९. अमिताभ, ऋतिक रोशन, प्रीति जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
१३. अनिलकपूर, माधुरी दीक्षित की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'साँसों का चलना' गीत वाली सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की फिल्म-२
१५. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'तूने ओ रंगीले ऐसा' गीत वाली राजकुमार, विनोद, प्रिया की फिल्म-४
१९. जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की 'आँखें भी होती' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आये तुम याद मुझे' गीत वाली अमिताभ, जया भादुड़ी की फिल्म-२
२२. फिल्म 'इश्क इश्क इश्क' में देव आनंद के साथ नायिका कौन थी-३
२३. 'फूलों से जो खुशबू आये' गीत वाली प्रशांत, ऐश्वर्या राय की फिल्म-२
२४. फिल्म 'हुतूतू' में नायक कौन था-३
२५. 'मेरा मन क्यों तुझे चाहे' गीत वाली आमिर खान, मनीषा की फिल्म-२
२७. आमिर, टिवंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फारूख शेख, पूनम ढिल्लों कीफिल्म-२
३०. आमिताभ, रजनीकांत, माधवी की 'रोते रोते हँसना' गीतवाली फिल्म-२,३

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीपकुमार, नर्गिस एक की फिल्म-३
२. ऋषिकपूर, अरबाज, जूही की 'तेरी आँखों का दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'पी कर शंकर जी की बूटी' गीत वाली ऋषिकपूर, नीलम की फिल्म-४
४. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीना की 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन अब्राहम, उदिता की फिल्म-२
८. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१०. 'मैं तेरे मन की मैना' गीत वाली अजय देवगन, काजोल की फिल्म-४
११. अमोल पालेकर, रंजीता की 'नाचो गाओ मौज' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'मेरे यार ये दिन हो' गीत वाली शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की फिल्म-३
१४. 'रोज रोज आँखों तले' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'हर गोरी रानी' गीत वाली वहीदा, अमिताभ, जीनत, परवीन की फिल्म-३
१७. अमिताभ, रति, वहीदा की 'दोनों जवानी की मस्ती में' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'कई बार यूं भी देखा है' गीत वाली अमोल पालेकर, विद्या की फिल्म-५
२०. नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल, नताशा की १९८२ की एक फिल्म-३
२१. 'ओ रात के' गीत वाली किशोर कुमार, मीनाकुमारी की फिल्म-२,२
२६. अमिताभ, संजीव, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
२८. 'नैनों में मेहबूब के' गीत वाली अक्षयकुमार, टिवंकल खन्ना की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3213



## सूडोकु -3214


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3213 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 3214



**बाएँ से दाएँ**

1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

शब्द पहेली -3213 का हल



# पुलिस ने एनसीआर में 150 वारदात करने वाले बदमाशों को मारी गोली

## पुलिस ने करीब 600 मीटर तक किया पीछा, गोली लगते ही जमीन पर गिरे

नोएडा। नोएडा के थाना एक्सप्रेस वे पुलिस ने ठक ठक के नाम से कुख्यात अंतरराज्यीय गिरोह के 2 शातिर बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। इनकी पहचान दीपक चौहान उर्फ निखिल और तरुण सक्सेना हुई है।

पूछताछ में बदमाशों ने बताया-ये दोनों सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों के शीशे को गुलेल व लोहे की गोलियों की मदद से तोड़कर गाड़ी में रखे सामान लैपटॉप, बैग, पर्स आदि चीजे चोरी करते थे। पुलिस ने दोनों घायल बदमाशों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।



### 150 से ज्यादा वारदात कर चुका ये बदमाश

एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया- पकड़ा गए बदमाश दीपक पर 150 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। इसके साथी तरुण पर भी केस है। इनका आपराधिक रिकार्ड निकाला जा रहा है। हाल ही में दोनों ने नोएडा एक्सप्रेस वे थाना क्षेत्र में दो घटनाएं की थी। इनके और भी सदस्य है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीम गठित की गई है।

### चेकिंग के दौरान 600 मीटर तक किया पीछा

उन्होंने बताया- शुक्रवार देर रात थाना एक्सप्रेस वे पुलिस गुलशन मॉल के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान नीले रंग की एक बाइक से 2 लोग आते दिखे।

ये दोनों रांग साइड से आ रहे थे। पुलिस ने इनको रुकने का इशारा किया।

बाइक सवार पुलिस को देखकर डबल सर्विस सेक्टर 168 की ओर भागने लगे। पुलिस को शक होने पर अपनी-अपनी गाड़ियों से बाइक सवार दोनों संदिग्ध व्यक्तियों का पीछा किया। करीब 600 मीटर तक पीछा करने के बाद पुलिस ने दोनों वॉर्निंग दी।

### वॉर्निंग देने के बाद भी नहीं रुके इसलिए मारी गोली

पुलिस से घिरा देख पीछे बैठे व्यक्ति ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। इसमें दीपक चौहान और तरुण सक्सेना दोनों के पैर में गोली लगी। दोनों बाइक से नीचे गिर गए।

पुलिस ने इनको सरेंडर करने के लिए कहा। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 2 अवैध तमंचा 315 बोर, 3 जिन्दा कारतूस, 1 गुलेल व 8 लोहे की गोली (छर्रे), 1 लैपटॉप, फोन बरामद किया गया।

# नोएडा में दरोगा और हेड-कॉन्स्टेबल पर युवकों ने चढ़ाई थार

नोएडा। नोएडा में 4 दबंगों ने दो पुलिसकर्मियों पर थार चढ़ाकर मारने की कोशिश की। राहगीरों ने घायलों को तुरंत नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में 7 दिन बाद घायल पुलिसकर्मी ने सेक्टर-49 पुलिस थाने में केस दर्ज करवाया है। घटना 8 जून की है।

### थार सवार युवकों ने पहले रास्ता पूछा फिर करने लगे गाली गलौज

सेक्टर-82 एलआईजी उद्योग विहार निवासी पुलिसकर्मी अजय मलिक ने बताया, वह कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में पुलिस लाइन में तैनात हैं। 8 जून को अजय पुलिस लाइन से मोरना चौकी पर तैनात हेड कॉन्स्टेबल विकास मलिक से मिलने आए।

दोनों सेक्टर 50 की तरफ जाने वाले मोड़ पर अपनी कार खड़ी कर बात कर रहे थे। रात लगभग साढ़े 12 बजे के करीब काले रंग की थार दोनों के पास आकर रुकी, जिसमें चार युवक सवार थे।

इस दौरान युवक अजय और विकास से रास्ता पूछने लगे। दोनों ने थार सवार युवकों से कहा कि उन्हें रास्ते की जानकारी नहीं है। इतनी सी बात पर थार सवार दो युवक अजय और विकास से गाली गलौज कर बदतमीजी करने लगे। गाली देने का जब दोनों ने विरोध किया तो थार सवार युवकों ने कार आगे बढ़ा दी।

### वापस लौटकर दोनों पर चढ़ा दी कार

कुछ ही समय बाद थार सवार युवक लौट कर आए और दोनों पुलिसकर्मी पर जान से मारने की नीयत से कार चढ़ा दी। हेड कॉन्स्टेबल विकास के घुटने और हाथों में चोट लगी जबकि अजय की टांग दो जगह से टूट गई। दोनों के सिर में भी चोट लगी है। गंभीर हालत में पीड़ितों को रात में ही राहगीरों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

हालत गंभीर होने के चलते दोनों पुलिस कर्मियों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका ऑपरेशन हुआ। अस्पताल से छुट्टी मिलने पर घायल अजय मलिक ने पुलिस से मामले की शिकायत पुलिस से की। एसीपी शैव्या गोयल ने बताया, अज्ञात थार सवार युवकों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## नोएडा की दो फैक्ट्री में भीषण आग



नोएडा। नोएडा के सेक्टर-67 स्थित बी ब्लाक की दो कंपनी में आग लग गई। भीषण आगे की सूचना पर दमकल की 15 गाड़ियों को भेजा गया। आग पर काबू पा लिया गया है। कंपनी में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग की लपटें इतनी भयंकर हो गईं कि करीब 2 किमी दूर से दिखाई दे रही है। सेक्टर-67 के बी-57 में कंपनी में आग लगी। कंपनी में गारमेंट का काम होता है। यहां कपड़े बनाए जाते है। यहां शॉट सर्किट हुआ। इसके बाद आग तेजी से फैली। यहां मौजूद गार्ड ने इसकी जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी। मौके पर गाड़ियों को रवाना किया। आग इतनी तेज थी उसने बगल वाली कंपनी बी-58 को भी चपेट में ले लिया। ये कंपनी दवा बनाने वाली है। दो साल से कंपनी में बंद थी। आग से दोनों कंपनियों में रखा लाखों रुपए का सामना जलकर राख गया। गनीमत रही कि कोई जन हानि नहीं हुई। एक के बाद एक करीब 15 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि अब भी धुंआ उठ रहा है। फिलहाल किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं है।

# नोएडा में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

## दो बदमाशों के पैर में लगी गोली, पुलिस के रोकने पर करने लगे थे फायरिंग

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में पुलिस और बाइक सवार बदमाशों के बीच में मुठभेड़ हो गई। इस पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से तमंचे कारतूस और 18850 रुपए बरामद किए हैं। यह बदमाश बड़े ही शातिर किस्म के लुटेरे हैं।





दरअसल शुक्रवार को थाना बिसरख पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार 2 संदिग्धों को रुकने का इशारा किया, किन्तु वह नहीं रुके और तेज रफ्तार से रोजा याकूबपुर 6 प्रतिशत के प्लाटों की तरफ जाने वाले रास्ते पर भागने लगे। पुलिस पार्टी द्वारा पीछा करने पर रास्ता खराब होने के कारण मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। मोटरसाइकिल पर सवार दोनों व्यक्ति खाली जमीन की तरफ भागते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगे।

पुलिस द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गयी। इस फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैर में गोली लग गई ।दोनों बदमाश घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बदमाश की पहचान दीपक उर्फ बन्टी निवासी ग्राम अजगरा थाना हसायन जिला हाथरस और रवि कुमार निवासी ग्राम अजगरा थाना हसायन जिला हाथरस के रूप में हुई। फिलहाल दोनों बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कठेरिया ने बताया कि यह दोनों बदमाश लूट के इरादे से क्षेत्र में घूम रहे थे। साथ ही काफी लूट की वारदातों को भी अंजाम दे चुके हैं। दोनों बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। इनके अन्य आपराधिक इतिहास की और ज्यादा जानकारी जुटाई जा रही है।

# 5 महीने नोएडा में 152 करोड़ का मादक पदार्थ बरामद

## तस्करों के निशाने पर यूथ, 2 करोड़ की ई-सिगरेट; सोशल मीडिया ग्रुप बनाकर सप्लाई

नोएडा। नोएडा में 5 महीने में 152 करोड़ का नशा के पदार्थ बरामद किया गया। इसमें सबसे ज्यादा घातक ई-सिगरेट है। 5 महीने में दो करोड़ की ई-सिगरेट बरामद की गई। ये ई-सिगरेट दिल्ली एनसीआर के यूथ के लिए आती है।

नामी गिरामी यूनिवर्सिटी, पीजी, स्कूल स्टूडेंट्स की इनके ग्राहक है। इनके आसपास मौजूद एजेंट स्टूडेंट्स से संपर्क करते है और मादक सिगरेट सप्लाई करते है। पुलिस आकडों के मुताबिक, नोएडा में छह महीने में 389 नशे के सौदागर पकड़े गए। इनसे गाजा, स्मैक, एमडीएमए ड्रग्स तक बरामद किए गए।



### ई सिगरेट कारोबार से पहले जानते थ छह महीने का डेटा (पुलिस कमिश्नरेट)

छह महीने में 389 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

एक नवंबर 2023 से 30 अप्रैल 2024 तक पुलिस की टीमों ने जनपद के अलग-अलग हिस्से से आरोपियों के पास से 1593 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। तीन करोड़ 98 लाख 22 हजार 250 रूपए आंकी गई है।

14.67 किलोग्राम स्मैक भी पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद की। इसकी कीमत बाजार में 58 लाख 68 हजार रुपए के करीब है।

26.670 किलोग्राम एमडीएमए ड्रग्स भी पुलिस ने बरामद किया है। इसकी कीमत करीब 150 करोड रुपए के करीब है। 0.5 किलोग्राम अन्य मादक पदार्थ भी पुलिस ने इस दौरान बरामद किया है।

### अब जानते है तीन बड़े रैकिट जिनको यहां ई सिगरेट की तस्करी में पकड़ा गया

14 जून को 1 करोड़ की ई सिगरेट के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

24 फरवरी को 50 लाख की ई सिगरेट के साथ दो तस्कर गिरफ्तार ये सिगरेट चाइना से नेपाल के रास्ते भारत लाई जाती थी।

15 फरवरी 15 लाख की ई सिगरेट के साथ 6 गिरफ्तार

### कैसे करते है सप्लाई इसे देखे

नोएडा में शुक्रवार को 1 करोड़ की ई सिगरेट के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। ये ई-सिगरेट वेस्ट देशों से भारत लाई जाती थी। भारत में ई सिगरेट प्रतिबंधित है।

ऐसे में नेपाल के रास्ते इसे यहां लाया जाता है। नेपाल से ई सिगरेट मुख्य सरगना के पास जाती है इसके बाद वहां से इसकी सप्लाई की जाती है।

यानी नोएडा पुलिस की गिरफ्त में आए दोनों तस्करों का काम कस्टमर को ई-सिगरेट डिलीवरी करना था।

पुलिस ने बताया कि ई सिगरेट के अधिकतर ग्राहक स्टूडेंट्स है। इन पीजी, कॉलेज और स्कूलों के पास मुख्य सप्लायर के एजेंट होते है। ये एजेंट ही स्टूडेंट्स से संपर्क करते है। एजेंट वाट्सऐप और टेलीग्राम पर एक ग्रुप बनाते है। इस ग्रुप में कस्टमर को ऐड करते है।

# नोएडा में सुबह 6 बजे से चलेगी मेट्रो



**नोएडा।** यूपीएससी प्री एग्जाम में परीक्षार्थियों को परेशानी न हो इसके लिए एनएमआरसी ने मेट्रो की टाइमिंग में बदलाव किया है। इसके चलते रविवार को सुबह 8 बजे से शुरू होने वाली सर्विस सुबह 6 बजे से होगी। यानी सुबह 6 बजे नोएडा के सेक्टर-51 और नोएडा डीपो से एक साथ मेट्रो चलेगी।

इसके बाद प्रत्येक 15-15 मिनट पर मेट्रो सर्विस चलेगी। ऐसे में यूपीएससी का एग्जाम देने वाले परीक्षार्थियों को परेशानी नहीं होगी।


नोएडा मेट्रो सोमवार से शनिवार तक सुबह छह बजे से संचालित होती है। रविवार को आठ बजे से मेट्रो का संचालन होता है। लेकिन परीक्षा के कारणों से इसका संचालन सुबह छह बजे किया जाएगा।

बता दें, नोएडा मेट्रो रोजाना करीब 48 से 50 हजार मुसाफिर सफर करते है। परीक्षा के चलते परीक्षार्थियों को संख्या बढ़ेगी। ऐसे में सभी तरह के इंतजाम कर लिए गए हैं। ये आदेश एनएमआरसी के एमडी लोकेश एम ने दिए।

# यूपीएससी एग्जाम के लिए बनाए गए 43 केंद्र

गौतम बुद्ध नगर। यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 16 जून को किया जाएगा। परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। पहली पाली में एग्जाम सुबह 9: 30 बजे से शुरू होकर 11: 30 बजे तक चलेगा। गौतमबुद्ध नगर में भी यूपीएससी की परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेट्रो की सेवा सुबह 6: 00 से उपलब्ध रहेगी। साथ ही प्रत्येक 15 मिनट पर मेट्रो सेवा उपलब्ध रहेगी।

गौतमबुद्ध नगर में यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के लिए 43 केंद्रों बनाए गए हैं, जहां पर दो पाली में 20,544 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। पहली पाली सुबह साढ़े नौ बजे से व दूसरी पाली दोपहर ढ़ाई बजे से शुरू होगी। इसके नोएडा, ग्रेटर नोएडा व दादरी में केंद्र बनाए गए हैं।




नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी लोकेश एम ने बताया कि एक्वा लाइन से मेट्रो की सेवा सामान्य दिनों में सुबह आठ बजे शुरू होती है, लेकिन परीक्षा वाले दिन सुबह छह बजे से प्रत्येक अंतराल पर यह उपलब्ध रहेगी।

वहीं परीक्षा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत की गई है। परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले केंद्र पर परीक्षार्थियों का प्रवेश रोक दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर जैमर भी लगे हुए हैं। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं, जिसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। परीक्षा को लेकर तीन पर्यवेक्षक और 43 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। यह परीक्षा केंद्रों पर कड़ी नजर रखेंगे।

## मोदीनगर में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

मोदीनगर। मोदीनगर के नगला मूसा में 12 दिन पहले महिला को बंधक बनाकर की गई लूट में शामिल बदमाश और पुलिस के बीच शुक्रवार देर रात मुठभेड हो गई। पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि शुक्रवार की रात 12 बजे के आसपास सूचना मिली कि निवाडी पतला मार्ग पर नगला मूसा में महिला से लूट करने वाले बदमाश किसी बड़ी वारदात करने के लिए घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही निवाडी थाना प्रभारी व स्वाट टीम को मौके पर भेजा गया। इसी बीच बाइक सवार दो बदमाश आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की दोनों और से कई राउंड फायरिंग हुई।

# अगले सप्ताह एनसीएलएटी जाएगा सुपरटेक

नोएडा। सुपरटेक रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड अगले सप्ताह नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) जाएगा। सुपरटेक के सुपरनोवा परियोजना के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू करने के आदेश के खिलाफ अपीलेट ट्रिब्यूनल में यह अपील की जाएगी। सुपरटेक का दावा है कि वह इस परियोजना को पूरा कर लेगा। साथ ही साथ बकायेदारों का भुगतान भी हो जाएगा। दरअसल, बैंक ऑफ महाराष्ट्र की अपील पर एनसीएलटी ने सेक्टर-94 के सुपरनोवा प्रोजेक्ट के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया चलाने की मंजूरी दे दी। इसके साथ ही साथ इस परियोजना के लिए आईआरपी की नियुक्ति भी हो चुकी है। आईआरपी के नेतृत्व में इस परियोजना को उबारने की कोशिश की जाएगी। 270 दिनों तक चलने वाली इस कवायद में सभी स्टेक होल्डर शामिल होंगे। प्रक्रिया के तहत पहले कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स (सीओसी) का गठन होगा। इसमें वह सभी एजेंसियों को रखा जाएगा, जिन्होंने इस परियोजना में पैसे लगाए। हालांकि, फाइनेंशियल और ऑपरेशनल क्रेडिटर के तौर पर अलग-अलग एजेंसियां होंगी।




इसके बाद आईआरपी की ओर सीओसी की बैठक बुलाई जाएगी और हर स्तर पर यह प्रयास किया जाएगा कि परियोजना उबर जाए। इसके तहत एक समाधान योजना भी लाई जाएगी। संभव है कि किसी को-डेवलपर के माध्यम से परियोजना का काम पूरा कराया जाए। साथ ही बिना बिकी हुई संपत्तियों को बेचकर पैसे जुटाए जाएं। हालांकि, इस परियोजना से जो भी पैसा आएगा। वह सबसे पहले फाइनेंशियल क्रेडिटर्स को जाएगा।

### प्राधिकरण भी करेगा क्लेम

प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि इस परियोजना में उनकी करीब दो से ढाई हजार करोड़ की रकम फंसी है। हालांकि, प्राधिकरण ऑपरेशनल क्रेडिटर की श्रेणी में आएगा। यानी फाइनेंशियल क्रेडिटर्स को पैसे मिलने के बाद प्राधिकरण को मिलेंगे। फ्लैट खरीदार फाइनेंशियल क्रेडिटर की श्रेणी में होंगे।

# शार्ट न्यूज

## एक्सप्रेसवे पर चलते ट्रक में आग लगी

नोएडा। नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-135 के पास शुक्रवार को चलते ट्रक में भीषण आग लग गई। ट्रक से धुआं और लपटे उठने से एक्सप्रेसवे पर अफरातफरी की स्थित बन गई। दमकल की दो गाड़ियों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार दोपहर माल से भरे ट्रक में आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग ने पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया। आग की सूचना मिलने पर दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। दमकल की गाड़ियों की मदद से आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगते ही चालक ने ट्रक को सड़क के किनारे खड़ा कर दिया और बाहर निकल आया। आग लगने से ट्रक में रखा सामान जलकर राख हो गया। पुलिस ने आग पर काबू पाने के बाद ट्रक को क्रेन की मदद से सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

## ईओ ने पालिकाध्यक्ष पर लगाया मारपीट का आरोप

लोनी। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी (ईओ) केके मिश्रा ने लोनी नगर पालिका की अध्यक्ष रंजीता धामा और उनके साथियों पर मारपीट और उनके ऑफिस में कर्मचारियों पर पिस्टल तानने का आरोप लगाया है। अध्यक्ष ने घटना स्थल का वीडियो जारी कर इन सभी आरोपों को गलत बताया है। पुलिस ने दोनों पक्षों को बयान के लिए बुलाया है। रात करीब 12 बजे लोनी बॉर्डर थाने पर सूचना दी गई कि पालिकाध्यक्ष और उनके साथियों ने बलराम नगर कॉलोनी पानी की टंकी कैंप कार्यालय पर ईओ और पालिका के कर्मचारियों के साथ अभद्रता की और पिस्टल तानी। इस मामले में ईओ ने पुलिस को रात करीब ढाई बजे एक शिकायत दी। शिकायत में ईओ ने कहा कि वह करीब ढ़ाई बजे अपने कैंप कार्यालय लोनी में लंच के लिए पहुंचे थे। उन्होंने वहां मुख्य खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संजीव अवाना को आगामी त्योहार में साफ सफाई के लिए बुलाया। तभी वहां तपसी सिंह आए। कुछ देर बाद अध्यक्ष भी पहुंच गईं। वह उन पर और संजीव पर चिल्लाने लगीं। उनके साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। धमकी देकर कहने लगी कि अपना स्थानांतरण कराकर चले जाओ, वरना अच्छा नहीं होगा।

## मरीज के पर्चे पर वार्ड बॉय ने लिख दी दवा, खुलासा होने पर सीएमएस ने बैठाई जांच

गाजियाबाद। गाजियाबाद के एमएमजी अस्पताल में एक महिला को वार्ड बॉय की ओर से बाहरी दवा लिखने का मामला सामने आया है। आरोप है कि वार्ड बॉय ने दवा लिखकर महिला से उसे खरीदने के बाद दिखाने की बात भी कही थी। महिला दवा खरीदकर जब उसे दिखाने के लिए गई तो पता चला कि वह कोई डॉक्टर नहीं था। इसके बाद महिला ने इसकी शिकायत वहां मौजूद डॉक्टर और अस्पताल के सीएमएस से की है। महिला की शिकायत पर इस मामले में जांच बैठाई गई है। मिली जानकारी के अनुसार, विजय नगर की रहने वाली समीना घुटनों में दर्द की शिकायत लेकर शुक्रवार को एमएमजी अस्पताल के हड्डी रोग विभाग में डॉक्टर को दिखाने पहुंचीं। डॉक्टर ने उन्हें एक्स-रे कराने के साथ ही कुछ दवाइयां भी लिखीं। करीब आधे घंटे बाद समीना एक्स-रे रिपोर्ट लेकर डॉक्टर के कमरे में पहुंची तो वहां वह मौजूद नहीं थे। आरोप है कि एक वार्ड बॉय ने उनसे एक्स-रे ले लिया। इस दौरान समीना ने उस वॉर्ड बॉय को डाक्टर समझ लिया। वॉर्ड ब्वाय ने उन्हें बताया कि उनके घुटनों के बीच में गैप कम हो गया है, इसके इलाज के लिए दवा लेने के साथ एक्सरसाइज भी करनी होगी। मरीज समीना ने डॉक्टर की लिखी दवा वार्ड बॉय को दिखाई।

## गाजियाबाद में केमिकल फैक्ट्री में आग, धमाके

गाजियाबाद। गाजियाबाद की ट्रोनिका सिटी इंडस्ट्रियल एरिया में शनिवार सुबह 9 बजे एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। फैक्ट्री में रुक-रुक कर केमिकल के ड्रमों में ब्लास्ट हो रहा है। पास की दो और फैक्ट्रियां आग की चपेट में आ गई हैं। पुलिस ने आसपास की 12 फैक्ट्रियों को खाली करवा दिया। केमिकल होने की वजह से पानी से आग नहीं बुझ पा रही है। सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने दो फैक्ट्रियों में लगी आग को बुझा लिया है। केमिकल फैक्ट्री में अब भी आग लगी हुई है। चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया- गाजियाबाद, मेरठ, नोएडा और बागपत से दमकल की 18 गाड़ियां मौके पर पहुंची। ये गाड़ियां अब तक 100 से ज्यादा चक्कर लगा चुकी हैं। इसके अलावा नगर निगम के 10 टैंकर बुलवाए गए। नगर निगम के दो सेप्टिक टैंक भी आए हैं, जिनकी मदद से मुख्य रूप से जलीं दोनों फैक्ट्रियों को ठंडा करने की कोशिश की जा रही है। ये दोनों फैक्ट्रियां पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। ऐसे में इनकी बिल्डिंग भी गिरने की आशंका बन गई है। केमिकल फैक्ट्री की आग बुझनी शेष रह गई है। बाकी आग पर काबू पा लिया गया है। फायर अफसर ने बताया कि अग्निकांड सेक्टर ए-3 के इंडस्ट्रियल एरिया में हुआ है। पहले केमिकल फैक्ट्री में आग लगी।

## ग्रेटर नोएडा में घर और दुकान बनाने के साथ उद्योग लगाना हुआ महंगा, एलोकेशन रेट में बढ़ोतरी

ग्रेटर नोएडा में घर और दुकान बनाने के साथ उद्योग लगाना अब महंगा हो गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अपनी सभी तरह की संपत्तियों की एलोकेशन रेट यानी आवंटन दरों में 5.30 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। इससे ग्रेटर नोएडा में घर, दुकान और उद्योग लगाना महंगा हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण (जीएनआईडीए) के बोर्ड ने शनिवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भूमि आवंटर दर में 5.30 फीसदी की बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी। नई दरें पहली अप्रैल से प्रभावी मानी जाएंगी। यूपी के इंफ्रास्ट्रक्चर एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की मौजूदगी में हुई बैठक में बोर्ड ने एकमुश्त लीज रेंट भुगतान योजना के संशोधन को भी मंजूरी दी। इसमें आवासीय संपत्तियां शामिल नहीं हैं। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि नोएडा प्राधिकरण की तरह, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण बोर्ड ने भी एकमुश्त लीज रेंट भुगतान के लिए वार्षिक लीज रेंट का 15 गुना टैक्स लेने का फैसला किया है। पहले यह 11 गुना था। आधिकारिक बयान के मुताबिक, यह निर्णय तीन महीने बाद लागू किया जाएगा। यह भी कहा गया है कि इस अवधि के दौरान, जो आवंटी एकमुश्त लीज रेंट का भुगतान करना चाहते हैं, वे वार्षिक लीज रेंट के 11 गुना पर ऐसा कर सकते हैं। आवासीय संपत्तियों को इस बदलाव से बाहर रखा गया है। वित्त विभाग की तरफ से जल्द ही इससे संबंधित आदेश कर दिया जाएगा।


## नोएडा में 3 दिन लागू रहेगी धारा-144

नोएडा पुलिस ने बकरीद और ज्येष्ठ गंगा दशहरा के मद्देनजर सुरक्षा शहर में तीन दिनों के लिए धारा-144 लागू कर दी है। यह 16 से लेकर 19 जून तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर नमाज, पूजा-अर्चना और जुलूस निकालने पर पाबंदी रहेगी। नोएडा पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी भी जारी की है। ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज के मौके पर सोमवार को सेक्टर-8 मस्जिद के आसपास वाहनों के रास्तों में बदलाव होगा। सुबह 6 से दोपहर करीब 1 बजे तक वाहन चालकों को वैकल्पिक रास्तों से निकलना होगा। इसको लेकर यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। यातायात पुलिस की योजना के मुताबिक सेक्टर छह चौकी से झुंडपुरा चौक तक जाने वाले रास्ते पर सेक्टर-6 चौकी से ई ब्लॉक चौक तक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। सेक्टर-10 शिवानी फर्नीचर से हरौला चौक जाने वाले मार्ग पर शिवानी फर्नीचर चौक से आई 66 सेक्टर-9 तक यातायात प्रतिबंधित रहेगा। सेक्टर छह चौकी से बांस बल्ली मार्केट तिराहा तक जाने वाले रास्ते पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा। डीसीपी यातायात अनिल कुमार यादव ने बताया कि जेपी कट से ए 19 सेक्टर आठ जाने वाले रास्ते और चिप चाप चौक से नूरी क्रेन चौक तक मार्ग पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा। डीसीपी ने बताया कि शिवानी फर्नीचर से नया बांस चौक आने वाले वाहन स्टेडियम चौराहा से रजनीगंधा चौराहा होकर जा सकेंगे। गोल चक्कर चौक से झुंडपुरा चौक की ओर जाने वाले वाहन रजनीगंधा चौक से स्टेडियम चौक होकर जा सकेंगे। झुंडपुरा चौक से शिवानी फर्नीचर चौक होकर हरौला, नया बांस आने वाला यातायात स्टेडियम चौक से रजनीगंधा होकर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।

# भाभी से शादी के लिए भाई का मर्डर

## दो भाइयों ने छोटे भाई को पीटा, फिर एक ने हाथ पकड़ा, दूसरे ने सीने में गोली मारी

बागपत। दो भाइयों ने छोटे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। छोटे भाई ने विधवा भाभी से शादी कर ली थी। आरोपी चाह रहे थे कि उनमें से किसी एक के साथ उनकी भाभी की शादी हो, लेकिन उनकी मां ने छोटे भाई से शादी करवा दी थी। घटना बागपत जिले के बड़ौत थाना क्षेत्र के गुराना गांव की है। शुक्रवार को दोनों भाई शराब पीकर मां से झगड़ा कर रहे थे, तभी छोटा भाई दिल्ली से घर पहुंच गया। दोनों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। एक ने उसका हाथ पकड़ा लिया। दूसरे भाई ने उसके सीने में गोली मार दी। पुलिस ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया




है। एएसपी एनपी सिंह ने बताया कि गुराना गांव के ईश्वर के छोटे बेटे यशवीर (32) को उसके बड़े भाइयों ओमवीर और उदयवीर ने गोली मारकर हत्या कर दी। सबसे बड़े भाई सुखवीर की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। मां ने सुखवीर की पत्नी रितु की शादी छोटे बेटे यशवीर से करवा दी। सुखवीर और ओमवीर की शादी नहीं हुई है। दोनों चाह रहे थे कि उनमें से किसी एक की शादी रितु के साथ हो जाए। ऐसा नहीं होने से दोनों अपने छोटे भाई से रंजिश रखने लगे। यशवीर दिल्ली में बस चलाता था और हर दूसरे दिन दिल्ली से अपने घर आता था।

### पहले मां से झगड़ा किया, फिर भाई की हत्या की

शुक्रवार रात ओमवीर और उदयवीर ने शराब पी। दोनों ने मां से झगड़ा किया। शाम 6 बजे यशवीर दिल्ली से घर पहुंच गया। उसने दोनों भाइयों को समझाया। दोनों शांत हो गए। कुछ देर के लिए घर से बाहर चले गए। रात 10 बजे दोनों घर लौटकर आए। उन्होंने यशवीर के साथ गाली-गलौज की। दोनों ने उसके साथा मारपीट की। ओमवीर ने यशवीर का हाथ पकड़ लिया। उदयवीर ने उसके सीने में तमंचा सटाकर गोली मार दी। यशवीर की मौके पर मौत हो गई। वारदात की सूचना पर पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची। घटनास्थल की जांच-पड़ताल की। दोनों आरोपियों को गांव के बाहर से गिरफ्तार कर लिया। दोनों से सख्ती से पूछताछ की गई, तो उन्होंने जुर्म कबूल कर लिया।

# इटावा में खनन माफिया ने सिपाही को पीटा

इटावा। इटावा में खनन माफियाओं ने पुलिस सिपाही की पिटाई की उसके बाद दो सिपाहियों को एसएसपी ने सस्पेंड कर दिया। अवैध मिट्टी खनन के ट्रैक्टर से वसूली करने के दौरान खनन माफिया ने सिपाही को पीट दिया। दूसरा सिपाही वहां से भाग खड़ा हुआ। ट्रैक्टर पर चढ़े सिपाही को खनन माफिया ने दूसरे जिले की सीमा में ले जाकर जमकर पीटा।

मामले को ऊसराहार थाना पुलिस पहले दबाती रही, लेकिन उच्चाधिकारियों के मामला संज्ञान आने पर दोनों सिपाहियों को सस्पेंड कर दिया गया। पुलिस अब सिपाही के साथ मारपीट करने वाले खनन माफिया की तलाश में जुट गई है। एक सप्ताह के अंदर जिले में कुल सात पुलिसकर्मियों पर अलग-अलग मामलों में गाज गिर चुकी है।

इटावा में इस समय मिट्टी का खनन जोरों पर खुलेआम चल रहा है। खनन माफिया मिट्टी समतलीकरण या सरकारी कार्य में मिट्टी का उपयोग करने के नाम पर खनिज कार्यालय से परमिशन लेकर बड़े पैमाने पर खनन करने में जुटे हुए हैं। उसी का परिणाम सामने आया है कि जिले में अब खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंदियों पर हैं कि उनके मन से पुलिस का खौफ भी खत्म हो गया है।

## अकबरनगर में अफसरों को लोगों ने घेरा

लखनऊ। लखनऊ के अकबरनगर में अवैध अतिक्रमण हटाने का कल 6वां दिन था। शनिवार को लखनऊ के अलावा बहराइच और प्रयागराज से बुलडोजर मंगवाए गए। सुबह अधिकारी मौके पर पहुंचे तो लोगों ने घेर लिया। फ्लैट लेने के लिए सभी डॉक्यूमेंट्स लेकर पहुंचे हैं। लोगों का कहना है कि मकान तोड़ा है तो नए मकान दो। वहीं अकबरनगर से विस्थापित हिंदू महिलाओं ने वीसी और अपर जिला मजिस्ट्रेट राकेश से मुलाकात कर अलग अपार्टमेंट में फ्लैट देने का अनुरोध किया है। वीसी इंद्रमणि का कहना है कि किसी को भी अलग से फ्लैट देना संभव नहीं है। अकबरनगर के 892 आवंटियों को पीएम आवास का कब्जा दिया जा चुका है। लेसा की टीम ने मौके से एबीसी लाइन काट दी है। यहां 1000 से ज्यादा बिजली के कनेक्शन थे। घरेलू और कॉमर्शियल दोनों कनेक्शन मिलाकर करीब 15 लाख रुपए से ज्यादा का बिल बकाया है। बताया जा रहा है कि जो लोग अकबरनगर से शिफ्ट हुए हैं उनको नियमानुसार पुराना बिल भरना पड़ेगा। इधर, मलिन बस्ती में रहने वाले लोग गिराए गए घरों के मलबे से कबाड़ समेट रहे हैं। वह इस काम में सुबह से जुट जाते हैं। जो मकान गिराए गए हैं, उसमें इस्तेमाल होने वाला सरिया बड़े पैमाने पर है। गर्मी होने के बाद भी यह लोग लोहा काटने का काम कर रहे हैं।

# कानपुर में महिला की हत्या, तेजाब से चेहरा जलाया

## सीएमओ ऑफिस के पीछे मिली लाश; रेप के बाद मर्डर की आशंका

कानपुर। कानपुर में सीएमओ दफ्तर के पीछे एक महिला की लाश शनिवार को बरामद हुई है।

हत्यारों ने महिला की पहचान छिपाने के लिए चेहरा एसिड से जला दिया है। सूचना पर पहुंची चकेरी थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर सबूत जुटाए।

चकेरी थाना क्षेत्र में कांशीराम हॉस्पिटल बना है। हॉस्पिटल के परिसर



में ही सीएमओ का ऑफिस है। सीएमओ ऑफिस के पीछे शनिवार सुबह एक महिला की अर्धनग्न हालात में लाश बरामद हुई। सीएमओ की सूचना पर पुलिस पहुंची। प्राथमिक जांच में रेप के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। महिला की उम्र करीब 35 साल है।

### सीएमओ बोले- शव लाकर यहां फेंका गया

महिला की शिनाख्त के लिए चकेरी थाने की पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम काम कर रही है। लेकिन दोपहर तक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। सीएमओ ने बताया कि उन्हें आशंका है कि शव को सीएमओ दफ्तर में लाकर फेंका गया है। वहीं, कुछ लोगों की मानें तो कैंपस में ही वारदात को अंजाम दिया गया है।

एडीसीपी ईस्ट लखन यादव ने बताया कि महिला की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही किन लोगों ने वारदात को अंजाम दिया है।

जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही पूरे केस का खुलासा करके आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

# आजमगढ़ में रिश्वत लेते चकबंदी लेखपाल गिरफ्तार

## चकबंदी में चक सही करने के लिए ले रहा था एक लाख की रिश्वत, एंटी करप्शन यूनिट ने की कार्रवाई

एजेंसी

**आजमगढ़।** आजमगढ़ की एंटी करप्शन यूनिट ने एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए चकबंदी लेखपाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी लेखपाल चकबंदी में चक सही कराने के नाम पर पीड़ित से एक लाख की रिश्वत की मांग कर रहा था।

आरोपी द्वारा पैसे की मांग किए जाने को लेकर पीड़ित ने मामले की शिकायत आजमगढ़ की एंटी करप्शन यूनिट से की थी। इसके बाद एंटी करप्शन यूनिट में आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार करने का प्लान बनाया। जिसके तहत आरोपी को देर रात रंगे



हाथ गिरफ्तार किया गया है।

आजमगढ़ जिले के कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले अब्दुल्ला इम्तियाज जो की हीरा पट्टी में रहते हैं। अब्दुल्ला इम्तियाज ने चकबंदी लेखपाल अरविंद कुमार यादव से चकबंदी में चक सही करने की बात की थी। इसके बाद आरोपी चकबंदी लेखपाल अरविंद कुमार यादव ने पीड़ित अब्दुल्ला इम्तियाज से चक सही कराने के लिए एक लाख रुपए की रिश्वत की मांग की।

आरोपी चकबंदी लेखपाल द्वारा रिश्वत की मांग किए जाने के मामले को लेकर पीड़ित ने इस मामले की शिकायत एंटी करप्शन यूनिट से की।

पीड़ित की शिकायत पर एंटी करप्शन यूनिट ने आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार करने का प्लान बनाया। इस प्लान के तहत अब्दुल्ला इम्तियाज आरोपी को 100000 की रिश्वत देने आरोपी चकबंदी लेखपाल के घर गए। आजमगढ़ जिले की एंटी करप्शन यूनिट में पहले से ही नोटों पर केमिकल लगा दिया था।

जैसे ही आरोपी लेखपाल ने पीड़ित से पैसे लिए ऐसे में अलर्ट मोड में रही एंटी करप्शन आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी चकबंदी लेखपाल का कार्यक्षेत्र मंगरहवा रायपुर आजमगढ़ है। इससे पूर्व भी जिले में राजस्व विभाग और शिक्षा विभाग के कई कर्मचारियों को एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

एंटी करप्शन के इस ऑपरेशन में इंस्पेक्टर बृजेश द्विवेदी, इंस्पेक्टर सुखबीर सिंह भदौरिया शामिल रहे।

## कानपुर में हेड कांस्टेबल की हत्या

कानपुर। कानपुर के भगवतदास घाट नाले में शुक्रवार को एक हेड कांस्टेबल का शव मिला था। सूचना पर फीलखाना थाने की पुलिस पहुंची। उसने शव को बाहर निकाला। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हेड कांस्टेबल का चेहरा, अंगुलियां और प्राइवेट पार्ट किसी केमिकल से जलाने की आशंका है। इस मामले में मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। केस में पुलिस की लीपापोती को देखते हुए मृतक के दरोगा बेटे ने अपने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मुझे पुलिस विभाग न्याय दिलाए। जितेंद्र वर्मा ट्रेनी दरोगा है। उन्होंने बताया, मेरे पिता खेमचंद्र जो वर्तमान में रिजर्व पुलिस लाइन कानपुर कमिश्नरेट में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात थे। दिनांक 13/14 अप्रैल की रात में 6 से 12 बजे की ड्यूटी करके सुबह घूमने के लिए गए थे। दिनांक 14 जून की सुबह करीब 5 बजे गुप्तार घाट थाना फीलखाना कमिश्नरेट में कुछ अज्ञात लोगों ने मेरे पिता की निर्मम हत्या कर दी, और चेहरे पर तेजाब डालकर साक्ष्य मिटाने की कोशिश की। मैं पुलिस विभाग से आशा करता हूं कि जल्द से जल्द दोषियों को पकड़कर सजा दिलाने का काम करेगी। शुक्रवार को भगवतदास नाले में शव मिलने की सूचना पर फीलखाना थाने की पुलिस मौके पर जांच पड़ताल करने पहुंची थी। शव के पास एक खाकी वर्दी के साथ पहनी जाने वाली बेल्ट भी मिली थी। इससे पुलिस का संदेह बढ़ा। पुलिस ने शव को बाहर निकाला तब चेहरा, अंगुलियां और प्राइवेट पार्ट भी गायब था।

# पुलिस ने 20 हजार के इनामी को किया गिरफ्तार

**फतेहपुर।** फतेहपुर में 3 साल से फरार चल रहे 20 हजार के इनामी गांजा तस्कर को झारखंड से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए इनामी का एक साथी पहले से जेल में बन्द है।

पुलिस के अनुसार वाहन चेकिंग दौरान ट्रक में गांजा तस्करी के समय पुलिस को चकमा देकर भाग गया था। सदर कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह, हरिहरगंज चौकी प्रभारी दिनेश कुमार सिंह और कचेहरी चौकी प्रभारी राम नरेश यादव ने झारखंड राज्य के राजगढ़ी गांव से 20 हजार रुपए का इनामिया अपराधी विश्वनाथ तिवारी को उसके घर से गिरफ्तार किया है। डीएसपी सदर वीर सिंह ने बताया कि 2021 में हाईवे पर वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक को रोककर तलाशी लेने पर छिपाकर रखे गए 40 बोरी में करीब 12 कुंतल गांजा बरामद किया गया था। जिसकी कीमत लगभग लाखों की रही है। उस समय ट्रक पर उज्ज्वल और विश्वनाथ तिवारी गांजा तस्करी कर झारखंड ले जा रहे थे। मौके से उज्जवल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था और विश्वनाथ फरार हो गया था।

## दो ट्रकों की भिड़ंत: ड्राइवर की मौत

पीलीभीत। पीलीभीत में पूरनपुर असम हाईवे पर दो ट्रकों की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के दौरान एक ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई, जबकि हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पूरा मामला पूरनपुर असम हाईवे पर स्थित सकरिया गांव के पास का है, जहां देर रात दो ट्रकों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे के दौरान एक ट्रक चालक गुरसेवक (48) निवासी पंजाब की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हेल्पर जगदीश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# समाधान दिवस में डीआईजी ने सुनीं समस्याएं

ललितपुर। झांसी, प्रतिदिन जनसुनाई कर प्रार्थना पत्रों/शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण व अपराध नियन्त्रण हेतु निरोधात्मक कार्यवाही के निर्देश। पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी कलानिधि नैथानी द्वारा तहसील सदर परिसर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग कर ृसम्पूर्णट्ठसमाधानट्ठदिवस में आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा राजस्व सम्बन्धी समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को स्थलीय निरीक्षण हेतु मौके पर भेजा गया। इसके उपरान्त



डीआईजी झाँसी डीआईजी द्वारा आगामी त्यौहार पर विशेष सतर्कता रखने तथा धर्म गुरुओं से संवाद स्थापित करते हुए त्योहार को शांतिपूर्ण सकुशल संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण करने तथा अपराध नियन्त्रण हेतु निरोधात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गये। साथ ही रात्रि में चौराहे/तिराहे पर सघन चेकिंग कर अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने तथा अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिये गये।

## शार्ट न्यूज

### डीएम और एसपी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन



ललितपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा तहसील मडावरा में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना गया तथा शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। राजस्व से संबंधित शिकायतो को पुलिस व राजस्व टीम के साथ समन्वय स्थापित कर मौके पर भेजकर शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देंशित किया गया। इसी क्रंम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट श्री कुलदीप कुमार द्वारा तहसील तालबेहट में जन समस्याओं को सुना गया तथा शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। राजस्व से संबंधित शिकायतो को पुलिस व राजस्व टीम के साथ समन्वय स्थापित कर मौके पर भेजकर शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देंशित किया गया।

### बाल भिक्षवृत्ति के रोकथाम के लिए चलाया अभियान



ललितपुर। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जनपद स्तर पर चलाए जा रहे बाल श्रम उन्मूलन रोकथाम व पुनर्वास अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक/ नोडल अधिकारी महोदय श्री अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में थाना एंटी हयूमन ट्रैफिकिगं यूनिट जनपद ललितपुर उ0नि0 योगेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष एएचटीयू मय हमराह हे0का0 वीरेन्द्र सिंह तोमर, म0का0 कल्पना बाजपेयी व विशेष किशोर पुलिस इकाई से हे0का0 राना सिंह व रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम के साथ बालश्रम/ बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान ललितपुर में होटल, ढाबा, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि स्थानों पर एएचटीयू व विशेष किशोर पुलिस इकाई व रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त की टीम द्वारा की गई रैकी व सुरागरसी पतारसी के आधार पर बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन रोकथाम अभियान तथा मानव तस्करी रोकथाम के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। अभियान के दौरान कोई भी नाबालिग बच्चें कार्य करते हुये नही पाये गये। अभियान के अंतर्गत भिन्न-भिन्न दुकानों, व होटल /ढाबा मालिक को बाल श्रम अधिनियम के बारे में जागरूक किया गया।

### शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार- कमलापुर थाना में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

विशाल इंडिया/ब्यूरो

सीतापुर। जिले के कमलापुर थाना परिसर में आगामी त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में प्रभारी निरीक्षक भानू प्रताप सिंह ने कहा कि त्यौहार हम सब की प्राचीन धरोहर हैं और हम सभी को त्यौहार एक दूसरे की परंपराओं का सम्मान करते हुए प्यार और मोहब्बत के साथ मनाने मनाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन हर समय मुस्तैद है यदि कहीं भी कोई समस्या हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप सिंह ने कहा कि शांति और अमन के साथ अपने त्यौहार मनाए क्योंकि त्यौहारों से आपस में भाईचारा बढ़ता है और त्योहारों से ही हम सबको एक दूसरे से मिलने का बैठने का मौका मिलता है इसलिए सभी लोग अपने त्योहारो को शांतिपूर्ण ढंग से मनाए और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

### बहराइच में वृद्ध की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

बहराइच। बहराइच में 4 दिन पहले 470 रुपए के बकाए को लेकर एक व्यक्ति ने अपने साथी के साथ मिलकर वृद्ध की जमकर पिटाई की थी पिटाई से वृद्ध की मौत हो गई थी। वृद्ध की मौत के बाद आरोपी फरार हो गए थे। पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था। पुलिस हत्या में नामजद एक व्यक्ति को आज गिरफ्तार किया है। हरदी इलाके के महराजगंज कस्बे की घटना है। हरदी थाना क्षेत्र के जोत चांद पार के रहने वाले पांचू की बुधवार को महराजगंज कस्बे में मात्र 470 रुपए के बकाए को लेकर लल्लू नाम के व्यक्ति ने जमकर पिटाई की थी। अधिक पिटाई की वजह से वृद्ध पांचू की मौत हो गई थी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। परिजनों ने लल्लू व उसके एक अन्य साथी पर पिटाई के बाद गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया था। हरदी पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। हरदी थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या के मामले में वांछित लल्लू को आज गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे पुलिस अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया गया है।

# गर्मी का प्रकोप रोकना है तो, अत्यधिक पेड़ लगाना है

## तेलीबाग सेक्टर पांच में हुआ पौधरोपण

महेश सिंह विशाल इंडिया

लखनऊ, जून महीने में तापमान हर रोज 44-45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच रहा है। पिछले कई साल में गर्मी का यह आंकड़ा सबसे ज्यादा है।

इसका मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग हैं, जो पेड़ों की मनमानी कटान की वजह से उग्र रूप लेता जा रहा है। यदि हमें गर्मी के प्रकोप को रोकना है तो अत्यधिक संख्या में पेड़ लगाने चाहिए।

यह विचार वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार सिंह ने तेलीबाग सेक्टर-5 में एमडीए डांस एकेडमी द्वारा आयोजित पौधरोपण समारोह के अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि यही हालात रहे तो आने वाले समय में गर्मी और सताएगी। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधरोपण अति आवश्यक है।

इस अवसर पर अशोक कुमार



सिंह, समाजसेवी संजीव अवस्थी और एमडीए की डायरेक्टर मोनी मिश्रा के नेतृत्व में एकेडमी के दो दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने पौधे रोपे।

विद्यार्थियों में उमा, आस्था, जोया, आराध्या, गरिमा, पायल, लावण्या, काव्या, बेबो, एंजल, आयुष, आयुषी, मिष्टी, शिवा मिश्रा, दिव्या सिंह, सौम्या, देव सैनी, खुशबू, आर्या, पिंकी, पूजा, आयुषी अवस्थी ने सहजन, पीपल , पाकड़, बरगद, अर्जुन, जामुन, आंवला, अमरूद, आम, सागौन शीशम आदि के 50 से अधिक पौधे लगाये।

पौधे लगाने के बाद समाजसेवी संजीव अवस्थी ने बच्चों को बताया कि एक पेड़ से साल में 650 पौंड आक्सीजन मिलती है, जो दो लोगों के लिए काफी होती है। उन्होंने बच्चों अपने लगाये हुए पौधों की देखभाल का संकल्प दिलाया।

## पुलिस मुठभेड़, 5 गौ-तस्कर गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले की पुलिस ने मुठभेड़ में पांच गोतस्करों को गिरफ्तार किया है। जिले के बिलरियागंज थाने की पुलिस को लगातार गोतस्करी की सूचना मिल रही थी। इस सूचना पर बिलरियागंज थाने की पुलिस ने देर रात तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। बिलरियागंज थाने की पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम नसीरपुर में परवेज के हाते में प्रतिन्धित पशुओं को रखा गया है। कुछ लोग मिलकर उनके मांस की बिक्री करने की फिराक में है। इस सूचना पर थानाध्यक्ष बिलरियागंज मय फोर्स ग्राम नसीरपुर में परवेज के हाता पर पहुंचे। मौके से पुलिस ने घेराबंदी करते हुए तीन आरोपियों तौशीफ अहमद, वसिफ शेख, हाजिम खान को हिरासत में लिया। बाकी आरोपी मौके से फरार हो गए। मौके से पुलिस ने 32 प्रतिबंधित पशुओं, चार लकड़ी का ठीहा और पांच चापड़ और छूरी भी बरामद किया है। इस मामले में आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस को सूचना मिली, कि आरोपी शहाबुद्दीनपुर तिराहे पर हैं।

# जिले की सभी तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

विशाल इंडिया/ब्यूरो

सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

तहसील मिश्रिख में विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, जिला अधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर शिकायत कर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ सम्बन्धित अधिकारियों को अन्तरित किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से



लाभान्वित किया जा सके। जिला अधिकारी ने कहा कि आई0जी0 आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो।

उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सभी अधिकारी अपने कार्य को पूरी तत्परता,गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें।

लेखपाल रामकुमार के कार्यों में लापरवाही व राजस्व मामलों को अधिक समय तक लम्बित रखने व ससमय निस्तारण न करने पर बर्खास्त करने की चेतावनी देते हुये कहा कि यदि लम्बित प्रकरण समय से निस्तारित न किये तो बर्खास्तगी के लिये तैयार रहें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह,जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल बत्तिस शिकायतों में से चार शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सिधौली में प्राप्त सत्तावन प्रार्थना पत्रों में से चार, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त अरसठ प्रार्थना पत्रों में से चार, तहसील बिसवां में प्राप्त पैंसठ प्रार्थना पत्रों में से सात, तहसील सदर में प्राप्त बावन प्रार्थना पत्रों में से पांच तहसील लहरपुर में प्राप्त तैंतिस प्रार्थना पत्रों में से तीन तहसील महोली में प्राप्त तैंतालिस प्रार्थना-पत्रों में से तीन शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर सम्बन्धित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## अमेरिका के एक स्कूल में जुड़वा और तिड़वा बच्चों की भरमार



न्यूयार्क सिटी ।ये दुनिया अप्रत्याशित चीजों से भरी पड़ी है।ऐसा ही एक अनोखा वाक्या फ्लोरिडा के एक स्कूल में भी हुआ, इसने सभी को हैरान कर दिया।हुआ यूं कि महीने की शुरुआत में फ्लोरिडा के एक हाई स्कूल से 10वीं के बच्चे ग्रैजुएट हुए।पर जब स्टेज पर एक के बाद एक जुड़वा भाई बहन दिखे तब लोगों के होश उड़ गए।इस भीड़ में 1 तिड़वा बच्चे भी थे।स्कूल को भी नहीं पता था कि इस बैच में इतने सारे ट्विंस और ट्रिपलेट्स मौजूद हैं।साउथ फ्लोरिडा में कूपर सिटी हाई स्कूल में हाई स्कूल बैच के 543 बच्चों का ग्रैजुएशन डे था।वे अगली कक्षा में प्रमोट हो रहे थे।इस मौके पर पता चला कि बैच में कई जुड़वा और तिड़वा बच्चे भी हैं।इसमें आइडेंटिकल ट्विंस के 2 सेट, यानी एक दूसरे से मिलती-जुलती शक्ल के 2 सेट और बाकी 12 सेट फेटर्नल ट्विंस थे, यानी वे एक साथ पैदा हुए थे पर एक जैसी शक्ल के नहीं थे।स्कूल की प्रिंसिपल ने कहा कि ये उनके लिए काफी स्पेशल पल था क्योंकि उनमें से एक स्टेज पर आकर उनसे हाथ मिलाता, वहां उसे डिप्लोमा सर्टिफिकेट देतीं, और फिर दूसरा भी आ जाता और वहां उस भी उसी प्रकार डिप्लोमा सर्टिफिकेट दे देती थीं।उन्होंने कहा कि ये दर्शाता है कि वहां अलग-अलग व्यक्ति हैं, पर वे इतने सालों तक साथ ही रहे हैं। इस बारे में एक लड़की ने कहा कि ये देखना काफी हैरान करने वाला है कि आपकी तरह इतने लोग मौजूद हैं।अब ये बच्चे आगे की शिक्षा के लिए लिए तैयार हो रहे हैं।मुमकिन है कि इनमें से कई अब अलग-अलग जगह जाकर अपनी अलग जिंदगी बनाएंगे।वहीं दो जुड़वा भाइयों ने कहा कि अलग-अलग रहना काफी मुश्किल होगा, पर वहां वीडियो कॉल के जरिए एक दूसरे से जुड़े रहने वाले है।

## अमेरिका की अदालत ने टीसीएस पर भारी जुर्माना लगाया

टेक्सास ।अमेरिका की एक अदालत ने भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) पर ट्रेड सीक्रेट का दुरुपयोग करने के लिए भारी भरकम जुर्माना लगाया है।टेक्सास के यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने कंप्यूटर साइंसेज कॉरपोरेशन की एक शिकायत के बाद टीसीएस पर 194 मिलियन डॉलर से ज्यादा का ये जुर्माना लगाया है।वहीं कंपनी का मानना है कि इस मामले में उसके पास मजबूत तर्क हैं और वह उचित अदालत में समीक्षा के लिए अपील करेगी।कंपनी पर ये जुर्माना ट्रेड सीक्रेट का दुरुपयोग करने के आरोप के कारण लगाया गया है।कंप्यूटर साइंसेज कॉरपोरेशन ने कंपनी के खिलाफ मुकदमा दायर किया था।अदालत के आदेशों के अनुसार, कंपनी साल 2016 के डिफेंड ट्रेड सीक्रेट्स एक्ट के तहत व्यापार रहस्यों के दुरुपयोग के लिए जिम्मेदार है।जिला न्यायालय ने कहा कि आईटी कंपनी कुल 194.2 मिलियन के लिए जिम्मेदार है, जिसमें 56,151,583 कम्पनसेटरी डैमेज और 112,303,166 एक्जेम्पलरी डैमेज के रूप में शामिल हैं।वहीं टीसीएस ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, 卐अदालत ने यह भी आंका कि कंपनी 13 जून, 2024 तक 25,773,576.60 प्री-जजमेंट ब्याज के लिए जिम्मेदार है। भारतीय मुद्रा में जुर्माने की रकम तकरीबन 1,622 करोड़ रुपये है।

## अमेरिका में भारतीय महिलाओं पर गोलीबारी, एक की मौत दूसरी घायल, आरोपी युवक पकड़ा गया

न्यूजर्सी ।अमेरिका में भारतीय पर हमले का एक और मामला सामने आया है। यह घटना न्यूजर्सी की है।यहां रह रही पंजाब के जालंधर की दो बहनों पर गोलियां चलायी गयी हैं।इस गोलबारी में 29 साल की एक लड़की जसवीर कौर की मौत हो गयी जबकि दूसरी गंभीर है।पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।हमला करने वाले का नाम गौरव गिल है और वह भी जालंधर का ही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी कुछ साल पहले जालंधर से पढ़ाई के लिए वीजा लेकर अमेरिका गया था।यहां किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद गौरव ने जसवीर कौर और उसकी चचेरी बहन पर गोली चला दी।इस हमले में घायल लड़की को अस्पाल में भर्ती कराया गया है।घायल लड़की और गौरव एक दूसरे को पहले से जानते थे, गोली मारने की वजह अभी सामने नहीं आई है।पुलिस ने आरोपी को पहली बार मिडलसेक्स काउंटी कोर्ट में जज के सामने पेश किया।दोनों लड़कियां घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर रहती हैं।स्थानीय पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और अवैध हथियार रखने का मामला दर्ज किया है।आरोपी गौरव की गिरफ्तारी का सी.सी.टी.वी. फुटेज सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि आरोपी एक घर में छिपा हुआ है।पहले पुलिस बल ने उन्हें घेर लिया, फिर उसने हाथ उठाया और आत्मसमर्पण कर दिया।मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को होगी।

## कनाडा में 20 मिलियन डॉलर सोने की चोरी करने वाला चोर करेगा सरेंडर

टोरंटो ।कनाडा में 20 मिलियन डॉलर की सोने की चोरी में शामिल चोर सरेंडर करने की सोच रहा है।एयर कनाडा के पूर्व प्रबंधक ने शुक्रवार को मीडिया को बताया कि वह खुद को सौंपने की तैयारी कर रहा है।सिमरन प्रीत पनेसर पर टोरंटो के पियर्सन हवाई अड्डे से अप्रैल 2023 में हुई चोरी का उस पर आरोप हैं। उनके वकील ग्रेग लाफोंटेन ने बताया कि पनेसर देश से बाहर है लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वे कहां हैं।वकील लाफोंटेन ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को कहा है कि पनेसर अगले कुछ हफ्तों में स्वेच्छा से देश लौटने और सरेंडर करने की योजना बना रहा है।वकील ने बताया कि पनेसर को न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है और जब यह छानबीन खत्म हो जायेगी तो वह कोई भी गलत काम नहीं करेगा।पुलिस ने कहा कि अप्रैल में उन्होंने 6 लोगों को गिरफ्तार किया था व 3 और लोगों की तलाश कर रहे थे।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि एयर कनाडा के 2 कर्मचारियों सहित संदिग्धों पर स्विट्जरलैंड से आने वाले 6 हजार 600 सोने की छड़ें जिनका वजन करीब 400 किलो था को चुराने का उस पर आरोप है।इसके लिए उन्होंने एयरवे बिल में जालसाजी भी की थी।कनाडा पुलिस के मुताबिक यह चोरी 17 अप्रैल 2024 को हुई थी।चोरों ने 6 हजार 600 शुद्ध गोल्?ड बार से भरे 400 किलो के कंटेनर को जिसमें 25 लाख कनाडाई डॉलर भी थे स्?टोरेज फैसिलिटी से चुरा लिया।यह कंटेनर स्विटजरलैंड के ज्?यूरिख एयरपोर्ट से टोरंटो एयरपोर्ट पर लाया गया था।कड़ी सुरक्षा के बीच कंटेनर को कार्गो से उतारकर रख दिया गया।दूसरे दिन पुलिस को पता चला कि सोना और कैश दोनों गायब हैं।

## नेपाल के लुंबिनी में भारत ने रखी स्कूल की नींव

काठमांडू।नेपाल के लुंबिनी प्रोविंस के प्यूथान जिले में एक स्कूल और हॉस्टल की नींव भारत ने शुक्रवार को रख दी है।यह नींव भारत और नेपाल के बीच एक समझौते के तहत एक हाई इंपैक्ट कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (सामुदायिक विकास परियोजना) के रूप में रखी गई है।प्यूथान जिले के ऐरावती ग्रामीण नगर पालिका-1 में डांग-बैंग माध्यमिक स्कूल के साथ ही एक हॉस्टल का निर्माण नेपाल-भारत विकास सहयोग के तहत किया जा रहा है।भारत सरकार इसके लिए 33.92 मिलियन नेपाली रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली इस सहायता से स्कूल और उसके लिए एक हॉस्टल बिल्डिंग के साथ ही अन्य सुविधाओं के मुहैया कराने के लिए किया जा रहा है।भारतीय दूतावास ने इसकी जानकारी आधिकारिक विज्ञप्ति जारी कर दी है।इसके मुताबिक, साल 2003 से भारत सरकार ने नेपाल में विभिन्न क्षेत्रों में 551 से अधिक हाई इंपैक्ट कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट शुरू किए हुए हैं और 490 परियोजनाओं का कार्य पूर्ण किया है।इनमें से विभिन्न क्षेत्रों वाली 61 परियोजनाएं लुंबिनी प्रांत में हैं, जिनमें प्यूथान में चल रहीं 2 परियोजनाएं भी शामिल हैं।इनके अतिरिक्त भारत सरकार ने नेपाल के विभिन्न अस्पतालों, स्वास्थ्य चौकियों और शैक्षणिक संस्थानों को 1009 एम्बुलेंस और 300 स्कूल बसें बतौर उपहार भेंट में दी हैं।



वेटिकन में एक सांस्कृतिक समारोह में पोप फ्रांसिस से मिले कमेडियन व्हूपी गोल्डबर्ग।

## जी 7 को लेकर पीएम मोदी ने बताया कैसी रही ब्राजील, यूएई समेत अन्य देशों के प्रमुखों से मुलाकात

अपुलिया ।इटली में जी 7 शिखर सम्मेलन का आयोजन खूब जोर-शोर से हुआ।इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति, ब्राजील और जॉर्डन के नेता समेत कई नेताओं ने शिरकत की थी।समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा सहित कई नेताओं के साथ बहुत सारी बातें की और फोटो भी खिचवाई। पीएम मोदी ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ भी मुलाकात की।उन्होंने फुमियो किशिदा के साथ मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट पर बहुत देर तक चर्चा की।यह जी 7 शिखर सम्मेलन में भारत की 11वीं और पीएम मोदी की लगातार पांचवीं भागीदारी थी।पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर इटली की फोटो शेयर की है।उन्होंने लिखा, इटली में बातचीत जारी है... राष्ट्रपति, महामहिम शेख के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई।जानकारी के लिए बता दें कि इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी को इटली के अपुलिया क्षेत्र में जी7 शिखर सम्मेलन में पार्ट लेने के लिए आमंत्रित किया था। साथ ही जियोर्जिया मेलोनी ने जी 7 के 50वें शिखर सम्मेलन में ब्रिटेन के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन और कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो सहित अन्य वैश्विक नेताओं का भी स्वागत किया।

## जी7 शिखर सम्मेलन में भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे को लेकर प्रतिबद्धता व्यक्त की गई

**बारी (इटली) (एजेंसी)।** जी7 शिखर सम्मेलन के अंत में जारी विज्ञप्ति में सात औद्योगिक देशों के समूह ने भारत-पश्चिम-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) जैसे ठोस बुनियादी ढांचे के प्रस्तावों को आगे बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता जताई। यह विज्ञप्ति शुक्रवार शाम को लक्जरी रिसॉर्ट बोर्गो एग्नाजिया में प्रथा के तौर पर ''पारिवारिक फोटो'' के बाद जारी की गई। इसके साथ जी7 ने कानून के शासन के आधार पर ''स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत'' के प्रति प्रतिबद्धता भी दोहराई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेजबान इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

विज्ञप्ति में कहा गया, ''हम गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना और निवेश की खातिर परिवर्तनकारी आर्थिक गलियारे विकसित करने के लिए जी7 पीजीआईआई (वैश्विक अवसंरचना और निवेश के लिए साझेदारी) के ठोस प्रस्ताव, प्रमुख परियोजनाओं और पूरक प्रस्तावों को बढ़ावा देंगे, जैसे कि लोबिटो कॉरिडोर, लुजोन कॉरिडोर, मिडिल कॉरिडोर और भारत-पश्चिम एथिया-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर के लिए हमारे समन्वय तथा वित्तपोषण कार्यक्रम को मजबूत करना, इसके साथ ही ईयू ग्लोबल गेटवे, ग्रेट ग्रीन वॉल पहल और अफ्रीका के लिए इटली द्वारा शुरू की गई मैटेई योजना को तैयार करना।''

भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना के तहत सऊदी अरब, भारत, अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और पोत परिवहन तंत्र की परिकल्पना की गई है ताकि एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। आईएमईसी को



समान विचारधारा वाले देशों द्वारा चीन की 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में भी देखा जा रहा है। बीआरआई एक विशाल संपर्क परियोजना है जो चीन को दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, रूस और यूरोप से जोड़ती है। पिछले वर्ष दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी को अंतिम रूप दिया गया था।

शुक्रवार को मोदी के संबोधन वाले कृत्रिम मेधा, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर विषय पर आयोजित 'आउटरीच सोशन' के बारे में विज्ञप्ति में कहा गया, ''साझा जिम्मेदारी की भावना से हम अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, भारत, जॉर्डन, केन्या, मॉरिटानिया, ट्यूनीशिया, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात के नेताओं की भागीदारी का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं।'' इसमें कहा गया, ''हम अधिक निश्चितता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए अपने कृत्रिम मेधा प्रचालन से जुड़े दृष्टिकोणों के बीच तालमेल को बढ़ाने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे। इस दौरान हम यह भी ध्यान में रखेंगे कि जी7 सदस्यों के रुख और नीतिगत व्यवस्थाएं भिन्न हो सकती हैं।'' शिखर सम्मेलन के एजेंडे की अन्य प्राथमिकताओं के अलावा, विज्ञप्ति में रूस के साथ जारी संघर्ष में यूक्रेन के लिए ''मजबूत समर्थन'' व्यक्त किया गया।

## बाइडेन ने दिलचस्प अंदाज में ट्रंप को कहा हैप्पी बर्थडे



**वाशिंगटन ।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आज अपना 78वां जन्मदिन मनाया है। इस मौके पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उन्हें अपने ही अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी, जिसे लेकर अब चर्चा हाम हो गई है। दरअसल उन्होंने इसे अपने चुनावी अभियान से जोड़ते हुए ट्रंप की उम्र के मुताबिक 78 उपलब्धियां गिना दीं हैं। अब चूंकि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 78 वर्ष के हो गए हैं अत-राष्ट्रपति बाइडेन ने भी ट्रम्प की 78 उपलब्धियों को गिनाते हुए जन्म दिन की बधाई दे डाली। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रम्प के कार्यों के साथ अपने कार्यों की तुलना करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। इस तरह से बाइडेन ने ट्रम्प को जन्मदिन संदेश जारी कर चुनाव प्रचार का काम भी कर लिया। इसमें उन्होंने बताया है कि किस तरह से पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप एक असफल और धोखेबाज इंसान हैं।

यहां बतलाते चलें कि अमेरिका में इसी साल राष्ट्रपति चुनाव होने हैं और राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव मैदान में उतरे दोनों ही प्रमुख-पार्टी के उम्मीदवार यानी ट्रम्प और राष्ट्रपति जो बाइडेन खासे उम्रदार हैं। इनमें से बाइडेन जहां 81 साल के हैं, वहीं ट्रम्प 78 साल के हो चुके हैं। इस चुनाव के मद्देनजर बाइडेन कैंप की तरफ से एक वीडियो जारी किया गया, जिसमें लिखा गया, जन्मदिन मुबारक हो, डोनाल्ड। आप एक बदमाश, एक असफल, एक धोखेबाज और हमारे लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था, अधिकारों और भविष्य के लिए खतरा हैं। इसके आगे बाइडेन दिलचस्प अंदाज में कहते हैं, कि अमेरिका की ओर से, आपके 79वें जन्मदिन के लिए हमारा तोहफा पहले से ही यह सुनिश्चित करना होगा कि आप फिर कभी राष्ट्रपति न बनें। इसके साथ ही बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन ने ट्रम्प की 78 कथित उपलब्धियों की एक लिस्ट भी जारी की है। इस लिस्ट में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर लगे विभिन्न आरोपों और दोषी ठहराए जाने वाले मामलों का उल्लेख करते हुए लिखा गया कि यह पहले राष्ट्रपति हैं।

## अंतरिक्ष तक पहुंच सकती है रुस और युक्रेन के बीच चल रही जंग

**मॉस्को (एजेंसी)।** यूक्रेन के साथ दो साल से ज्यादा समय से रूस युद्ध में उलझा हुआ है। इस दौरान रूस ने अपने एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम पर ही ज्यादातर समय भरोसा जताया लेकिन हाल के समय में यूक्रेनी मिसाइलों के खिलाफ एस-400 के फेल होने की रिपोर्ट सामने आई हैं। ऐसे में रूस ने रणनीतिक तौर पर बेहद अहम केर्च ब्रिज को यूक्रेनी हमलों से बचाने के लिए रणनीति बदली है। ये पुल रूस को क्रीमिया से जोड़ता है। रूस इसका इस्तेमाल क्रीमिया में सैनिकों और हथियारों के परिवहन के लिए उपयोग करता है। इस पुल को बचाने के लिए रूस ने अपनी सबसे नई और सक्षम एस-500 वायु रक्षा प्रणाली को तैनात किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यूक्रेनी रक्षा खुफिया (एचयूआर) प्रमुख किरिलो बुडानोव ने बताया है कि रूस ने केर्च ब्रिज की रक्षा के लिए अपने सबसे परिष्कृत एस-500 वायु रक्षा प्रणाली को क्रीमिया में तैनात किया है। किरिलो बुडानोव ने कहा कि हमने एस-500 तत्वों क्रीमिया में देखा है। एस-500 की तैनाती की रिपोर्ट पूर्व रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू की ओर से अप्रैल में की गई उस घोषणा के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि रूसी सशस्त्र बलों को इस साल अगली पीढ़ी के बहुप्रतीक्षित एस-500 वायु रक्षा प्रणाली का पहला बैच प्राप्त होगा। बुडानोव के दावे पर सैन्य विश्लेषकों ने कहा है कि रूस अपने रणनीतिक महत्व को देखते हुए यूक्रेनी हमलों के खिलाफ केर्च ब्रिज को सुरक्षित कर रहा है। इस पुल को कई बार यूक्रेनी सेना निशाना बना चुकी है। अगस्त 2023 में भी ये पुल बमबारी में क्षतिग्रस्त हो गया था। सैन्य विश्लेषक विजिंदर के ठाकुर का इस पर कहना है कि एस-500 प्रणाली की अतिरिक्त रेंज यूएस/नाटो संपत्तियों को करीब 100 किमी दूर संचालित करने के लिए मजबूर करेगी, जिससे उनकी आईएसआर क्षमता कम हो जाएगी। ये तैनाती ऐसे समय में हुई है जब यूक्रेन ने रूस पर हमला करने के लिए अपने लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करना शुरू कर दिया है, खासकर क्रीमिया को तीव्र जोखिम में डाल दिया है। एस-500 गेम-चेंजर साबित होने का वादा करता है। यह कथित तौर पर पांचवीं पीढ़ी के विमानों, कम कक्षा के उपग्रहों और मिसाइल खतरों का मुकाबला करने में सक्षम है। इसे ए-135 एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम के संभावित प्रतिस्थापन के रूप में बनाया गया था, जो अब मॉस्को के बाहर साइलो में तैनात है। इसके अतिरिक्त, इसका उद्देश्य लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एसएएम) प्रणाली, एस-400 ट्रायम्फ का समर्थन करना है। एस-500 एक परिष्कृत रडार कॉम्प्लेक्स से सुसज्जित है जिसमें प्रति बैटरी चार रडार वाहन शामिल हैं।

## दक्षिण अफ्रीका के दोबारा राष्ट्रपति चुने गए रामफोसा, 19 को लेंगे शपथ

**केपटाउन (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका की सत्तारूढ़ पार्टी एएनसी के नेता सिरिल रामफोसा को संसद ने एक बार फिर राष्ट्रपति चुन लिया है। नेशनल असेंबली की बैठक की अध्यक्षता करने वाले मुख्य न्यायाधीश रेमंड ज़ोंडो ने ऐलान किया कि राष्ट्रपति चुनाव में रामफोसा को 283 वोट मिले, जबकि इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के उम्मीदवार जूलियस मालेमा को 44 वोट हासिल मिले हैं।

मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के बाद रामफोसा ने अपने पहले संबोधन में कहा कि उन्होंने दोबारा राष्ट्रपति बनने को एक बड़ी जिम्मेदारी के रूप में माना है। वह उन लोगों के साथ भी काम करेंगे जिन्होंने उनका समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा कि मई के अंत में हुए आम चुनावों के परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश के लोग अपने नेताओं से मिलकर काम करने की उम्मीद करते हैं।

रामफोसा ने आगे कहा कि अपने वोटों के जरिए लोग उम्मीद करते हैं कि गैर-नस्लवाद, गैर-लिंगवाद पर आधारित शांति और न्याय पर आधारित लोकतांत्रिक समाज के उद्देश्यों को प्राप्त करने, स्थिरता सुनिश्चित करने और गरीबी, बेरोजगारी और



असमानता की तिहरी चुनौतियों से निपटने, सबके लिए समृद्धि हासिल करने के लिए सभी दल संविधान के ढांचे के अंदर रहकर एक साथ मिलकर काम करेंगे।

रामफोसा ने जोर देकर कहा कि कई दलों की सहमति से बनी राष्ट्रीय एकता की सरकार दो या तीन दलों का एक बड़ा गठबंधन नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा दिए जनादेश से यह तय के लिए मिलकर काम कर सकें कि हम उन चुनौतियों का समाधान करें जिनका वे सामना कर रहे हैं और मैं दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति के रूप में इसे हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

यह हमारे देश के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ है, जिसके लिए हमें अपने संवैधानिक लोकतंत्र और कानून के राज को मजबूत करने और लोगों के लिए एक मिलकर काम करना चाहिए।

दक्षिण अफ्रीकी संविधान के मुताबिक चुने गए राष्ट्रपति को पांच दिन के अंदर अपना पदभार ग्रहण करना है। नेशनल असेंबली द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक रामफोसा 19 जून को देश शपथ लेंगे। वहीं सांसदों ने एएनसी के थोको डिडिजा को स्पीकर चुना है जो पहले कृषि मंत्री रह चुके हैं। डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) की एनेली लोट्रिएट डिप्टी स्पीकर चुनी गईं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एएनसी और मुख्य विपक्षी दल डीए ने शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता की सरकार बनाने के लिए एक समझौता किया, जिसमें पैट्रिऑटिक अलायंस और इंकाथा फ्रीडम पार्टी भी शामिल होगी। समझौते के तहत रामफोसा को डीए के समर्थन से फिर से राष्ट्रपति चुने जाने की पहले से उम्मीद थी। बता दें गत 29 मई को हुए आम चुनावों में एएनसी ने 400 सीटों में से 159 सीटें हासिल कीं। पिछले 30 साल में पहली बार संसद के निचले सदन में उसे पूर्ण बहुमत नहीं मिला है।

## रूस फौरी तौर पर युद्ध रोकने को तैयार, लेकिन यूक्रेन को शर्त मंजूर नहीं

मास्को।रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध से आम नागरिक भी परेशान हो चले हैं, ऐसे में रुस की तरफ से सशर्त युद्ध बंद करने का वादा किया गया है।दूसरी तरफ यूक्रेन ने रुस की शर्तों को मानने से इंकार कर दिया है, जिससे समझा जा रहा है कि यह युद्ध अभी आगे भी चलता ही रहने वाला है।यहां बताते चलें कि वैश्विक मंचों पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने करीब ढाई साल से चल रहे युक्रेन युद्ध को तत्काल प्रभाव से बंद करने और युद्ध विराम का ऐलान करने का वादा किया है।ऐस करने के लिए रुस ने यूक्रेन के सामने दो शर्तें रखीं हैं।इस मामले में शुक्रवार को पुतिन ने अपने एक बयान में कहा कि यदि कीव चार कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों से अपने सैनिकों को वापस बुला ले और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने की योजना छोड़ दे तो वह यूक्रेन में तत्काल 'युद्ध विराम' का वादा करता है और यूक्रेन संग वार्ता शुरू करने को राजी होता है।रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने यह बात मॉस्को में विदेश मंत्रालय की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहीं।

## क्या पीएम मोदी के न्योते पर भारत आएंगे पोप फ्रांसिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्योता दिया है। पीएम मोदी से पहले पोप से पंडित जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, इन्द्र कुमार गुजराल और अटल बिहारी वाजपेयी मिल चुके हैं। पीएम मोदी जब साल 2021 में जी20 समिट के लिए रोम के दौरे पर गए थे, तब भी उन्होंने पोप फ्रांसिस से मुलाकात की थी और उन्हें भारत आने का न्योता दिया था। साल 2016 में भी पोप फ्रांसिस भारत आने वाले थे, मगर ऐसा नहीं हो पाया था। पोप फ्रांसिस की बात करें तो अब तक वह भारत के दौरे पर नहीं आए हैं। भारत का दौरा करने वाले अंतिम पोप जॉन पॉल द्वितीय थे, जो एशिया में चर्च पर एक पोप दस्तावेज जारी करने के लिए 1999 में नई दिल्ली आए थे। पीएम मोदी जी 7 समिट में पोप फ्रांसिस से मिले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्योता दिया है। उम्मीद की जा रही है कि इस बार पोप फ्रांसिस भारत दौरे पर आएंगे। पीएम मोदी 87 वर्षीय पोप फ्रांसि के साथ गले मिले और हल्के-फुल्के अंदाज में बातचीत करते नजर आए। पोप फ्रांसिस को पीएम मोदी ने साल 2016 और 2021 में भी भारत आने का न्योता दिया था। मगर वह नहीं आए। इस बार भी पीएम मोदी ने इटली में जी7 शिखर सम्मेलन के इतर वेटिकन के चीफ पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्योता दिया। अब देखने वाली बात है कि पोप फ्रांसिस आते हैं या नहीं, या फिर आते हैं तो कब। अगर वह आते हैं तो हिंदू बहुल राष्ट्र में उनकी यह पहली यात्रा होगी। दरअसल, पीएम मोदी और पोप फ्रांसिस ने इटली के अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन के 'आउटरीच सेशन' में गर्मजोशी से मुलाकात की। पीएम मोदी ने कहा कि मैं लोगों की सेवा करने और हमारे ग्रह को बेहतर बनाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं। साथ ही उन्हें भारत आने का निमंत्रण भी दिया। वहीं, पोप फ्रांसिस ने भी न्योता स्वीकार कर लिया है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर विषय पर 'आउटरीच सेशन' में अपने संबोधन में कहा कि एआई का बेहतर इस्तेमाल करना हममें से प्रत्येक पर निर्भर करता है। बता दें कि पीएम मोदी रोमन कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस से मिलने वाले भारत के पांचवें प्रधानमंत्री हैं। अब सवाल है कि आखिर पोप को भारत आने का न्योता कितना अहम है? तो इसका जवाब है कि भारत एशिया में दूसरी सबसे बड़ी कैथोलिक आबादी वाला देश है।

## आम आदमी पार्टी नैतिकता विहीन, देश की जनता ने पूरी तरह नकारा, दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा– आप नेताओं का कोई नैतिक मूल्य नहीं

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी एक नैतिकता विहीन पार्टी है जिसके नेता संदीप पाठक और संजय सिंह से लेकर गोपाल राय और सुश्री आतिशी तक कोई नैतिक मूल्य नहीं रखते। दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, गोवा और पंजाब इन सभी राज्यों में हाल ही हुए लोकसभा चुनावों में देश के मतदाताओं ने उन्हें पूरी तरह से खारिज कर दिया है। यह बात दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कही। सचदेवा ने कहा है कि आप नेताओं को समझना चाहिए कि दिल्ली और पंजाब के लोग, जहां उनकी पूर्ण सरकारें हैं, लोकसभा चुनावों में आप को खारिज कर चुके हैं क्योंकि वे उनकी भ्रष्टाचार कथाओं से तंग आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि आप को पूरी तरह से खारिज करने के बाद देशवासियों ने उम्मीद की थी कि आप नेता विकास कार्यों पर ध्यान देंगे, लेकिन यह चौंकाने वाला है कि वे आज भी पीएम नरेंद्र मोदी की आलोचना की पुरानी गंदी राजनीति करने में लगे हैं, पीएम मोदी आज न केवल भारत में बल्कि दुनिया में सबसे बड़े राजनेता हैं, लेकिन यह आश्चर्यजनक है कि आप नेता खुद को लोकतंत्र के लिए शहीद दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।

## हज शुरु, लाखों की संख्या में मक्का पहुंचे हज यात्री

नई दिल्ली। सऊदी अरब के मक्का में स्थित हज, इस्लाम धर्म का तीर्थ स्थल है। यहां हर साल लाखों लोग हर करने सऊदी अरब के मक्का पहुंचते हैं। हज यात्रा के लिए हजयात्रियों का आना शुरू हो चुका है। हज का इस्लाम में बहुत बड़ा महत्व है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक अल-हिज्जा, जो कैलेंडर का 12वां यानी आखिरी महीना होता है, जिसके दूसरे हफ्ते में हज यात्रा शुरु होती है। यह यात्रा ईद-अल-अजहा के तीन दिन बाद तक चलती है। चांद दिखने के बाद से ही पवित्र हज यात्रा का शुरु हो जाती है हज यात्रा, इस्लाम के पांच मुख्य स्तंभों में से एक है। इस्लामी मान्यताओं के मुताबिक, हज यात्रा अल्लाह (भगवान) के लिए अपना समर्पण दिखाने का एक तरीका है। हज का अरबी भाषा में मतलब होता है जियारत करना। ऐसा माना जाता है कि शारीरिक और आर्थिक रूप से मजबूत हर मुसलमान को अपने जीवन में एक बार हज जरूर करना चाहिए। अल्लाह के पैगंबर मुहम्मद साहब ने भी हज किया था, जिसे हज्जतुल-विदा के नाम से जाना जाता है। इसलिए हज खुद को अल्लाह से जोड़ने का एक बेहतरीन तरीका है। इस दौरान यात्रा की पवित्रता को बनाए रखने के लिए कई तरह के नियमों का ध्यान भी रखा जाता है।

## नार्को-आतंकवादी नेटवर्क चलाने के आरोप में 03 लोग गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लेते हुए नार्को-आतंकवादी नेटवर्क का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। इस मामले की जानकारी पुलिस ने आज शनिवार को ही दी है। मामले की जानकारी दे रही पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति हेरोइन बेचने की फिराक में यहां-वहां टहल रहा है। इस सूचना के आधार पर सेना के साथ मिलकर पुलिस ने करनाह कुपवाड़ा के सीमावर्ती इलाके में संयुक्त जाल बिछाने का कार्य किया। इसी बीच संदिग्ध दो लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनकी तलाशी लेने पर उनके पास से लगभग 500 ग्राम हेरोइन जप्त की गई। दोनों संदिग्धों की पहचान खावरपारा करनाह के शफीक अहमद शेख और बागबल्ला के तारिक अहमद मलिक के तौर पर हुई है। पकड़े गए संदिग्धों की निशानदेही पर साधपुरा के परवेज अहमद पठान को भी हिरासत में ले लिया गया है। उसके कब्जे से तीन पिस्तौल, 76 पिस्तौल राउंड, छह पिस्तौल मैंगजीन और लगभग पांच किलोग्राम संदिग्ध विस्फोटक भी बरामद किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## पुलिस ने नीट पेपर लीक मामले में बिहार से करीब 19 लोगों को गिरफ्तार किया

पटना। नीट मामले में एक आरोपी ने कबुल किया है कि परीक्षा के दौरान सभी प्रश्न हूबहू थे। उसने बताया कि मेरे साथ 20 से 25 अन्य परीक्षार्थी भी मौजूद थे। बिहार पुलिस ने नीट पेपर लीक मामले में बिहार से करीब 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें से 14 लोगों को पटना से और करीब 4 लोगों को पूर्णिया से और एक को गोपालगंज से गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी अन्य परीक्षार्थियों की जगह परीक्षा दे रहे थे। इस मामले में एक आरोपी आयुष ने कबुल किया है कि उनके सामने आए सभी प्रश्न हू ब हू थे। पुलिस को जले हुए पेपर मिले थे। इस मामले में पुलिस का कहना है कि फिलहाल ये क्लियर नहीं हुआ है कि जो जले हुए पेपर मिले हैं। वो लीक वाले थे या नहीं। क्यों ?कि इस मामले में अभी तक एनटीए ने कोई जवाब नहीं दिया है। नीट पेपर लीक मामले में पता चला है कि जो पेपर लीक होकर बिहार में आया था। वह मध्यप्रदेश और गुजरात से आया था। इस मामले में पुलिस ने सिकंदर नामक युवक से पूछताछ की तो उसने बताया कि सभी प्रश्न हू ब हू थे। उसी युवक ने पुलिस को अन्य आरोपियों तक पहुंचने का रास्ता भी बताया था।

## यूपी में लू से 26 लोगों की मौत, फिलहाल राहत के आसार नहीं

लखनऊ। यूपी में आसमान से आग बरसाती धूप व झुलसा देने वाली लू से प्रदेश को फिलहाल राहत के आसार नहीं हैं। शुक्रवार को भी भीषण गर्मी के चलते बहराइच, बांदा, चित्रकूट और महोबा का एक-एक व्यक्ति समेत वहीं, पूर्वांचल



के वाराणसी, मिर्जापुर, बलिया, गाजीपुर और कुशीनगर में 26 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने कहा है कि लोगों को अभी ऐसी ही गर्मी झेलनी होगी। शुक्रवार को प्रयागराज 46.9 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। कानपुर में मामूली सा बदलाव रहा, यहां पर तापमान 46.7 और हमीरपुर 46.2 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश के ज्यादातर शहर लू की चपेट में रहे। मौसम विभाग के मुताबिक 17 जून तक प्रदेश का मौसम शुष्क रहने के आसार व 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के आसार हैं। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

## बोरवेल में गिरी डेढ़ साल की आरोही जिंदगी की जंग हार गई, 17 घंटे के प्रयास हुए निष्फल

अमरेली। जिले के सुरागपुरा गांव के बोरवेल में गिरी डेढ़ साल की मासूम बच्ची आरोही जिंदगी की जंग हार गई। आरोपी को बोरवेल से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए 17 घंटों तक ऑपरेशन चलाया गया। आरोही को बाहर निकालने में सफलता जरूर मिली है, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बता दें कि अमरेली जिले के सुरागपुरा गांव के एक बोरवेल में कल डेढ़ साल की मासूम आरोही गिर गई थी। घटना की खबर मिलते ही स्वास्थ्य, फायर विभाग, एनडीआरएफ समेत पुलिस की टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई और बचाव कार्य शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची एम्ब्युलैंस 108 की टीम ने बोरवेल में ऑक्सीजन सप्लाय और फायर विभाग ने बच्ची पर नजर रखने के लिए कैमरे भी उतार दिए। बच्ची को बचाने के लिए रोबोट भी बोरवेल में उतारा गया था। करीब 17 घंटों तक आरोही को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास किया जाता रहा। लेकिन बचाव कार्य को सफलता नहीं मिली। 17 घंटों की मशक्कत के बाद आरोही को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक वह जिंदगी की जंग हार चुकी थी। घटनास्थल पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आरोही की जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। राज्य के मंत्री प्रफुल्ल पानसेरिया ने घटना को दुःखद बताया और कहा कि खुले बोरवेल रखने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। बोरवेल खुला एक प्रकार का पाप है और इसकी वजह मासूम बच्चों की जिंदगी खतरे में पड़ जाती है। गौर करनेवाली बात है जो मासूम बच्चा अपने माता-पिता के बगैर एक पल नहीं रह सकता हो वह बोरवेल में गिर जाता है तो उस पर क्या बीतती होगी। घंटों तक बगैर खाए-पिए किस प्रकार बोरवेल में रह सकेगा? ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन को खुले बोरवेल रखने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करनी होगी। वर्ना ऐसी घटनाएं भविष्य में भी हो सकती हैं।

# आतंकी हमले के अंदेशे के चलते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

### – अमरनाथ यात्रा को लेकर केंद्र गंभीर

**जम्मू (एजेंसी)।** 29 जून से शुरू होने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा पर केंद्र सरकार गंभीर है क्योंकि यात्रा पर आतंकवादी किसी बड़े हमले को अंजाम दे सकते हैं। इसी को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इस बार अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए अर्ध सैनिक बल की 500 कंपनियां तैनात की जाएंगी। अमरनाथ यात्रा पर सुरक्षा और जांच एजेंसियों के साथ गृह मंत्रालय ने अहम बैठक की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यात्रा को लेकर काफी संवेदनशील हैं।



जानकारी के अनुसार अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन कोई भी कोर-कसर छोड़ना नहीं चाहता है। सुरक्षा एजेंसियों ने अमरनाथ यात्रा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की है जिसमें नाइट विजन डिवाइस, स्नाइपर्स, ड्रोन सिस्टम और यात्रा के दोनों मार्गों पहलगाम और बालटाल पर बम निरोधक दस्तों के जरिए रात में भी निगरानी होगी। अमरनाथ यात्रियों के लिए सेना, पुलिस, बीएसएफ, एसएसबी और सीआरपीएफ सभी एक साथ मिलकर सुरक्षा करेंगे। जम्मू से लेकर पवित्र गुफा तक दोनों रास्तों पर कड़े सुरक्षा प्रबंध हैं। बालटाल और पहलगाम दोनों रास्तों पर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात होंगे। वहीं सूत्रों के अनुसार सुरक्षा का अधिकतर जिम्मा सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस को सौंपा गया है। वहीं यात्रा को सुरक्षित और सरल करने के लिए नवीनतम तकनीकों और उपकरणों का उपयोग करते हुए रेडियो फ्रीक्वेंसी का भी उपयोग किया जाएगा। यात्रा करने वाले सभी यात्रियों की टैगिंग होगी जिससे यात्रियों की पोजीशन पता रहेगी और अधिकारियों को तीर्थयात्रियों के स्थान की निगरानी करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा हाई-टैक कमांड कंट्रोल सैंटर में लगभग 20 सरकारी विभागों के लोग दिन-रात उपस्थित रहेंगे। कंट्रोल सैंटर में काम करने वाले विभागों में जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्वास्थ्य, पीएचई, पीडीडी व दूरसंचार और कई अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल होंगे। बेस कैंप से लेकर गुफा तक के सभी मार्गों पर हाई डेफिनिशन 360 डिग्री व्यू कैमरे भी लगाए हैं। बालटाल और चंदनबाड़ी बेस कैंप से महत्वपूर्ण स्थानों पर दर्जनों कैमरे लगाए गए हैं जिसकी सारी लाइव फीड कॉमेड कंट्रोल सैंटर में आती रहेगी। वहीं मौसम विभाग ने कस्टमाइज्ड वेदर अपडेट सिस्टम भी लगाया है जो पल-पल मौसम की खबर देता रहेगा। वहीं पर्यटन विभाग जम्मू के निदेशक विवेकानंद राय और संयुक्त निदेशक सुनैना शर्मा मेहता ने अन्य अधिकारियों के साथ जम्मू के भगवती नगर में प्रथम आधार शिविर यात्री निवास का दौरा भी किया है। पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों की सुविधाओं के लिए किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर यात्री निवास में पर्यटन विभाग ने तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए एक टूरिस्ट रिसैप्शन सैंटर भी खोला है। इसके अलावा पर्यटन विभाग की ओर से अमरनाथ यात्रियों को तरह-तरह की सुविधाएं दी जाती हैं।

## नीतीश कुमार ने बिहार के लोगों की इज्जत बेच दी : प्रशांत किशोर

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में राजनीतिक विश्लेषण करने वाले और राजनीतिक पंडित प्रशांत किशोर ने केंद्र की एनडीए सरकार में शामिल हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर आरोप लगाया कि उन्होंने सत्ता में बने रहने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी के पैर छुए। अपने जन सुराज अभियान के तहत एक सभा को संबोधित करते हुए प्रशांत ने कहा कि देश ने कुछ दिन पहले देखा कि मीडिया के लोग कह रहे थे कि नीतीश कुमार के हाथ में



भारत सरकार की कमान है। अगर वह न चाहें तो देश में सरकार नहीं बन सकती। इतनी ताकत है नीतीश कुमार के हाथ में। पीके ने कहा कि नीतीश कुमार ने इसके एवज में क्या मांगा? बिहार के बच्चों के लिए रोजगार नहीं मांगा। बिहार के जिलों में शक्कर की फैक्टरियां चालू हो जाए यह नहीं मांगा। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाए यह नहीं मांगा। बिहार के लोग सोच रहे होंगे कि तो फिर उन्होंने क्या मांगा? नीतीश ने मांग रखी कि 2025 के बाद भी वह मुख्यमंत्री बने रहें और इसके लिए बीजेपी उसको समर्थन कर दे। बिहार के सभी लोगों की इज्जत उन्होंने बेच दी। प्रशांत ने नीतीश कुमार पर प्रहार करते हुए कहा कि 13 करोड़ लोगों के जो नेता हैं, हमलोगों का अभिमान हैं, सम्मान हैं, वह पूरे देश के सामने झुककर सीएम बने रहने के लिए पैर छू रहे हैं। प्रशांत पिछले सप्ताह नई दिल्ली में एक बैठक में मोदी को एनडीए का नेता चुने जाने के बाद नीतीश कुमार द्वारा किये गये व्यवहार को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो क्लिप की ओर इशारा कर रहे थे।

# भारत में तीन साल में सबसे ज्यादा वित्तीय धोखाधड़ी के शिकार हुए लोग

### –302 जिलों में यूपीआई और क्रेडिट कार्ड पर हुआ सर्वे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आजकल साइबर धोखाधड़ी के मामले आए दिन सुनने को मिलते हैं। पिछले तीन सालों में करीब कई भारतीय वित्तीय धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं। लोकल सर्किल्स द्वारा किए सर्वे से पता चलता है कि भारत में वित्तीय धोखाधड़ी आम बात हो गई है। इससे फ्रॉड की चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। सर्वे में 302 जिलों के 23 हजार उत्तरदाताओं में से करीब आधे यानी 47 फीसदी लोग किसी न किसी तरह की वित्तीय धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं।



इन घटनाओं में यूपीआई और क्रेडिट कार्ड से जुड़े मामले सबसे ज़्यादा हैं। हाल ही में हुए सर्वे में दो मुख्य क्षेत्रों यूपीआई और क्रेडिट कार्ड पर सर्वे हुआ। क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी शिकार हुए आधे से ज़्यादा 53फीसदी उत्तरदाताओं ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय व्यापारियों या वेबसाइटों द्वारा लगाए गए अनधिकृत शुल्कों की शिकायत की है। इस सर्वे में हिस्सा लेने वाले लोगों की एक बड़ी संख्या 36फीसदी ने यूपीआई के जरिए धोखाधड़ी वाले लेन-देन की भी सूचना दी है।

सर्वे में यह बात सामने आई है कि कम रिपोर्टिंग दर ने समस्या को और बढ़ा दिया है। लोकल सर्किल्स का अनुमान है कि दस में से छह भारतीय अधिकारी तो वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत ही दर्ज नहीं कराते हैं। रिपोर्टिंग की कमी के कारण समस्या के सही पैमाने को ट्रैक करना और कार्रवाई करना मुश्किल हो जाता है।

सर्वे में इस समस्या से निपटने के लिए कुछ उपाय भी बताए गए हैं, जिनकी मदद से लोग आसानी से बच सकते हैं। कंज्यूमर की सुरक्षा के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों और धोखाधड़ी रोकथाम प्रणालियों को लागू करना जरूरी है। लोगों में जागरुकता फैलाना है ताकि उन्हें खुद की सुरक्षा करने के लिए सशक्त बनाया जा सकें।

सर्वे में आरबीआई के आंकड़ों की जानकारी दी गई है। वित्त वर्ष 2024 में धोखाधड़ी के मामलों का कुल आकड़ा 13,930 करोड़ रुपए था, जो पिछले साल के मुकाबले करीब आधा है। हालांकि मामलों की संख्या में 166फीसदी की चौंका देने वाली वृद्धि देखी गई है। वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ोतरी और कम रिपोर्टिंग दर को बताते हुए सर्वे में अधिकारियों और नागरिकों दोनों के लिए चेतावनी जारी की है। इस बढ़ते खतरे से निपटने के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों को लागू करना और जागरूकता बढ़ाना जरुरी कदम हैं।

## मोदी सरकार का लक्ष्य तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का: शिवराज

### –पीएम फसल बीमा योजना से किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में मप्र के विदिशा से बड़ी जीत हासिल कर मोदी सरकार में केंद्रीय कृषि मंत्री बने शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पीएम मोदी का एक और संकल्प है, लखपति दीदी। हमारा लक्ष्य तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का है, इसका एक आयाम कृषि सखी है। इसके लिए महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वे किसानों की खेती में मदद कर सकें।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एक और महत्वपूर्ण योजना पीएम फसल बीमा योजना है। इस योजना से चार करोड़ से ज्यादा किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिली है। वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद किसानों को सस्ती दरों पर खाद मिल रही है। उन्होंने इससे पहले वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 100 दिवसीय कार्ययोजना पर चर्चा की। इसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र को मजबूत करना और किसानों के संकट को कम करना है। बैठक में कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी, कृषि सचिव मनोज आहूजा और



अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में चौहान ने देशभर में कृषि उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए किसानों तक गुणवत्तापूर्ण आदानों की आपूर्ति सुनिश्चित करने की जरूरत पर बल दिया। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि कार्ययोजना का उद्देश्य न केवल कृषि उत्पादों में आत्मनिर्भरता हासिल करना है, बल्कि इस क्षेत्र से निर्यात की गुणवत्ता को भी बढ़ाना है। केंद्र की 100-दिन की कार्ययोजना को कृषक समुदाय के भविष्य को पुनर्जीवित करने के लिए एक बहुत जरूरी उपाय के रूप में देखा जा रहा है। इस कार्ययोजना को विभिन्न राज्यों और फसल चक्रों में कार्यान्वयन के लिए विशिष्ट लक्ष्यों और समयसीमा के साथ लागू किए जाने की उम्मीद है।

## हरियाणा में 5 सीटों पर जीत से प्रदेश कांग्रेस मजबूत, अब टिकट बंटवारे को लेकर घमासान छिड़ा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में 5 सीटों पर जीत से इस बार प्रदेश कांग्रेस मजबूत हुई वहीं चुनाव परिणाम के बाद टिकट बंटवारे को लेकर घमासान छिड़ गया है। चुनाव में जीतने वाले 4 सांसद भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में एकजुटता दिखा रहे हैं लेकिन कुमारी सैलजा सबसे अलग चल रही हैं। वह आए दिन नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के फैसलों पर सवालिया निशान लगा रही हैं। हालांकि एसआरके गुट में रणदीप सुरजेवाला और किरण चौधरी ने चुप्पी साध रखी है। वहीं सिरसा से सांसद बनने के बाद सैलजा ने हरियाणा में जिलास्तर पर अपने समर्थकों को लामबंद करना शुरू कर दिया है। उनके समर्थकों के साथ बैठकों के दौरान सैलजा लगातार लोकसभा चुनाव में टिकट आवंटन को लेकर बयान दिए जा रहे हैं। सैलजा ने अंबाला में वरुण मुलाना को उनकी सिफारिश पर टिकट दिए जाने का बयान देकर सभी को चौंका दिया है। फिर उन्होंने गुड़गांव और भिवानी-महेंद्रगढ़ में टिकट बंटवाने को लेकर सवाल भी खड़े किए हैं। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि और बेहतर तरीके से टिकट वितरण कर सकते थे। सैलजा ने अपनी ही पार्टी से पूछा कि कैंडिडेट इम्पोर्ट करने की जरूरत क्यों पड़ी। उन्होंने माना कांग्रेस में गुटबाजी है। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि ऐसे ही तेरा मेरा करते रहे तो मुश्किल हो जाएगी। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर सैलजा ने कहा कि प्रभारी को निष्पक्ष होगा होगा। मैरिट के आधार पर टिकटें दी जाएं। सीएम पद को लेकर सैलजा ने कहा कि इसका फैसला हाईकमान करेगा। वहीं इस पूरे घटनाक्रम पर जहां भूपेंद्र सिंह हुड्डा चुप हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने भी सैलजा के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा है कि वह पार्टी में वरिष्ठ हैं।

## अरुंधति के खिलाफ मामले को मंजूरी दिये जाने पर भड़कीं मुफ्ती और मोइत्रा

### –अभिव्यक्ति की आजादी को कुचलने का प्रयास बताया

**लखनऊ (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, कांग्रेस नेता हरिप्रसाद बीके और तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने लेखिका अरुंधति रॉय के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने के मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी दिये जाने के दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना के फैसले की आलोचना की है। इन नेताओं का कहना है कि अरुंधति फासीवादी राजनीत के खिलाफ एक मजहूत आवाज के तौर पर उभरीं थी और ये ताजा फैसला उनकी आवाज दबाने का एक प्रयास है। इससे पहले



उपराज्यपाल सक्सेना ने अरुंधति रॉय के अलावा कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय कानून के पूर्व प्रोफेसर डॉ. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ भी साल 2010 में यहां हुए एक कार्यक्रम में भड़काऊ भाषण देने के मामले में कठोर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने की अपनी मंजूरी दे दी। वहीं अधिकारियों ने कहाकि अरुंधति और शौकत हुसैन के खिलाफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट, नयी दिल्ली की अदालत के आदेश के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

महबूबा ने सोशल मीडिया पर लिखा, अरुंधति एक विश्व प्रसिद्ध लेखिका और एक बहादुर महिला हैं जो फासीवाद के खिलाफ एक शक्तिशाली आवाज बनी हैं। , उन पर कठोर यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस प्रकार के कदम से भारत सरकार मौलिक अधिकारों का हनन कर रही है। वहीं . कश्मीर के एक पूर्व प्रोफेसर पर मामला दर्ज करना भी इसी प्रकार का एक कदम है।

वहीं मोइत्रा ने पोस्ट करते हुए कहा, अगर अरुंधति पर यूएपीए के तहत मुकदमा चलाकर भाजपा यह साबित करने की कोशिश कर रही है कि वे वापस आ गए हैं, तो ऐसा नहीं है। और वे कभी भी उसी तरह वापस नहीं आएंगे जैसे वे पहले थे। इस तरह के फासीवाद के खिलाफ लोगों ने वोट दिया है।

हरिप्रसाद ने लिखा, मैं अरुंधति रॉय पर मुकदमा चलाने के लिए उपराज्यपाल की मंजूरी की कड़ी निंदा करता हूं। वह एक शानदार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध लेखिका और एक अग्रणी बुद्धिजीवी हैं। फासीवाद असहमति को कुचलने पर पनपता है, खासकर बुद्धिजीवियों, कलाकारों, लेखकों, कवियों और कार्यकर्ताओं के जरिये। साथ ही कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर कोई भी हमला सहन नहीं किया जाएगा।

गौरतलब है कि ये मामला कश्मीर के एक सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित की शिकायत पर 28 अक्टूबर, 2010 को दर्ज किया गया था। उनका आरोप है कि लेखिका और प्रोफेसर ने 21 अक्टूबर 2010 को यहां कॉपरनिकस मार्ग स्थित एलटीजी ऑडिटोरियम में 'आजादी - एकमात्र रास्ता' के बैनर तले आयोजित एक सम्मेलन में कथित तौर पर भड़काऊ भाषण दिए थे। इसमें कश्मीर को भारत से अलग करने की बात भी कही गयी थी।

# गलवान घाटी में भारत-चीन के बीच हिंसक झड़प के चार साल पूरे

### –विश्वास-निर्माण को लेकर दोनों देशों में बनी थी सहमति, बात अब भी वहीं रुकी

**लद्दाख (एजेंसी)।** लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प को चार साल हो चुके हैं, लेकिन सीमा गतिरोध अभी भी अनसुलझा है। पीएम नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में एनडीए सरकार अब एक जटिल स्थिति का सामना कर रही है क्योंकि चीन अपनी स्थिति पर कायम है। 15-16 जून, 2020 को देर रात पूर्वी लद्दाख में भारतीय सेना और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के बीच गलवान घाटी में झड़प में एक कर्नल सहित 20 भारतीय सैनिकों की मौत हो गई थी।

आज उस हिंसक झड़प के चार साल पूरे हो चुके हैं। अप्रैल 2020 से पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर तनाव बहुत ज्यादा था क्योंकि चीन ने दोनों देशों के बीच मौजूद सीमा प्रोटोकॉल को तोड़ते हुए सीमा पर बड़ी संख्या में सैनिकों को इकट्ठा कर दिया था। भारत सरकार के मुताबिक भारी संख्या में सैनिकों को इकट्ठा कर चीन ने कैलाश रेंज पर भारतीय सेना के कुछ प्रमुख गश्त बिंदुओं को छीनकर एलएसी के भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास किया। चीन ने दावा किया कि झड़प में उसके चार सैनिक खो गए, हालांकि भारत ने दावा किया कि चीन के कम से कम 43 सैनिक मारे गए हैं। भारत के मुताबिक इस हिंसा के पीछे चीन का मकसद एलएसी पर यथास्थिति को एकतरफा बदलना था।

17 जून को पीएम मोदी ने भारत-चीन सीमा तनाव पर राष्ट्र को संबोधित किया और कहा, भारत शांति चाहता है लेकिन उकसाने पर भारत करारा जवाब देगा। 16 जून को भारतीय और चीनी सेनाओं के कोर कमांडरों के बीच एक बैठक अलगाव को लेकर आपसी सहमति के साथ खत्म हुई। हालांकि, कोई योजना नहीं बनाई गई और बाद की बैठकों और राजनयिक वार्ताओं के परिणामस्वरूप गतिरोध पैदा हो गया। इसके बाद, दोनों पक्षों ने उच्च स्तरीय वार्ता की और गतिरोध अभी भी जारी है, लेकिन गलवान जैसी घटनाओं को काफी हद तक टाला गया है।

भारत ने इस हिंसक झड़प में अपने कर्नल बिकुमलिया संतोष बाबू को खो दिया था, जो बिहार रेजिमेंट से थे। उन्हें मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। मॉस्को में जयशंकर और उस समय के चीनी समकक्ष वांग यी जो अभी भी उनके विदेश मंत्री हैं, सीमा



तनाव को कम करने के लिए सहमत हुए। दोनों पक्षों के बीच सहमति हुई कि विश्वास-निर्माण उपायों के एक नए सेट पर बातचीत की जाएगी, लेकिन अब तक कुछ भी आगे नहीं बढ़ा है। हालाँकि, तब से परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र वार्ता के साथ-साथ सैन्य कमांडरों के स्तर पर बातचीत जारी है।

# विस्तारा ने एयर इंडिया में विलय को लेकर जारी किया नोटिस

## - 2025 की शुरुआत में पूरी हो जाएगी विलय की प्रक्रिया

**नई दिल्ली ।** नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एन.सी.एल.टी.) चंडीगढ़ बैंच द्वारा विस्तारा एयरलाइन और टाटा समूह की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया को विलय की मंजूरी दिए जाने के बाद दोनों कंपनी ने विलय की प्रक्रिया शुरु कर दी है। इस बाबत विस्तारा एयरलाइन ने विलय को लेकर एक पब्लिक नोटिस भी जारी कर दिया है। जिसमें कंपनी की ओर से कहा गया है कि टाटा एस.आई.ए. एयरलाइंस लिमिटेड (ब्रांड नाम विस्तारा) जल्द ही टाटा समूह की बड़ी एयरलाइन, एयर इंडिया लिमिटेड का हिस्सा बन जाएगी। जिससे आपको एक बड़े बेड़े से जुड़े व्यापक वैश्विक नेटवर्क तक पहुंच मिल सकेगी। उधर विल्सन और विस्तारा के एक वे रिष्ठ अे धिकारी के बयान के मुताबिक एयर इंडिया और विस्तारा का विलय संभवतः 2024 के अंत या 2025 की शुरुआत तक पूरा हो जाएगा। एन.सी.एल.टी. ने दोनों एयरलाइनों को अपने नेटवर्क, मानव संसाधन और बेड़े की तैनाती को एकीकृत करने की भी अनुमति दी है। विस्तारा टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड और सिंगापुर एयरलाइंस लिमिटेड (एस.आई.ए.) का एक संयुक्त उद्यम है, जिसमें टाटा संस की भागीदारी में 51 फीसदी हिस्सेदारी है और सिंगापुर एयरलाइंस की 49 फीसदी हिस्सेदारी है। रिपोर्ट के मुताबिक विस्तारा ब्रांड की मूल कंपनी टाटा एस.आई.ए. एयरलाइंस लिमिटेड के रूप में रजिस्टर्ड है। सिंगापुर की प्रमुख एयरलाइन ने नवंबर 2022 में विस्तारा और एयर इंडिया के विलय की अपनी योजना की घोषणा की थी, ताकि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एक प्रमुख पूर्ण-सेवा एयरलाइन बनाई जा सके। सौदे की शर्तों के मुताबिक ऑटो-टू-स्टील समूह टाटा के पास ज्वाइंट वेंचर का 74.9 फीसदी हिस्सा होगा, जबकि सिंगापुर एयरलाइंस के पास शेष 25.1 फीसदी हिस्सा होगा। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सी.सी.आई.) ने सितंबर 2023 में ही विलय को मंजूरी दे दी थी। इस साल मार्च में सिंगापुर के प्रतिस्पर्धा नियामक ने भी एयर इंडिया और विस्तारा के बीच विलय को मंजूरी दे दी थी। विस्तारा ने जनवरी 2015 में वाणिज्यिक परिचालन शुरू किया था और उसके पास 70 विमानों का बेड़ा है। एयर इंडिया और विस्तारा के विलय के अलावा समूह अपनी बजट वाहक एयर इंडिया एक्सप्रेस और ए.आई.एक्स. कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) के विलय की प्रक्रिया में भी है।

# जल्द मिलेगी महंगाई से राहत, जुलाई से घट सकती हैं कीमतें

## - सरकार ने घरेलू बाजार में सप्लाई बढ़ाने के लिए बढ़ा दिया है आयात

**नई दिल्ली ।**

पिछले कुछ दिनों से लगातार महंगाई बढ़ती जा रही है। थोक महंगाई की दर भी 15 महीने के शीर्ष पर पहुंच चुकी है और सब्जियों सहित तमाम तरह की दालों के दाम भी बढ़ते ही जा रहे हैं। लेकिन अब महंगाई के इस डोज से जल्द ही राहत मिलने वाली है।इसके सरकार ने अपना दांव चल दिया है और इसका असर जुलाई से आम आदमी की थाली पर भी दिखना शुरू हो जाएगा।

उपभोक्ता मामलात मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि आम आदमी को महंगाई से घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार ने पूरी रणनीति बना ली है और जुलाई से इसमें गिरावट आनी शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि तुअर, चना और उड़द दाल की कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए बड़ी मात्रा में आयात किया जा रहा है। सरकार ने घरेलू बाजार में सप्लाई बढ़ाने के लिए आयात बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि तुअर, चना और उड़द दाल की कीमतें पिछले 6 महीने से स्थिर हैं, लेकिन अपनी ऊंची दरों पर। मूंग और मसूर की कीमतें अभी नरम हैं। जून, 2024 को चना दाल की खुदरा कीमत 87.74 रुपये किलो तो तुअर दाल की 160.75 रुपये किलो और उड़द 126.67 रुपये किलो चल रहा था। मूंग दाल 118.9 रुपये और मसूर की दाल 94.34 रुपये के भाव थी। मंत्रालय ने यह आंकड़ा देश के 550 केंद्रों से जुटाया है। उन्होंने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि इस बार अच्छा मानसून रहेगा और औसत से ज्यादा बारिश होगी। इससे दाल की बुआई का रकबा बढ़ेगा और किसान भी बाजार के बढ़ते भाव का फायदा उठाना चाहेंगे। पैदावार अच्छी हुई तो घरेलू बाजार में दाल की कीमतें थामने में मदद मिलेगी। सरकारी केंद्रों पर लोग 60 रुपये किलो के भाव पर भारत चना दाल खरीद सकते हैं। भारत अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए हर साल करीब 8 लाख टन तुअर दाल और 6 लाख टन उड़द दाल का आयात करता है। इसके अलावा 2023-24 में देश में करीब 33.85 लाख टन तुअर दाल का उत्पादन हुआ, जबकि खपत करीब 45 लाख टन की है। इसी तरह, चना दाल उत्पादन 115.76 लाख टन है तो खपत 119 लाख टन की है।

# अथेर एनर्जी और महाराष्ट्र सरकार के बीच जल्द होगा समझौता

## –कंपनी की सालाना 10 लाख दोपहिया बनाने की योजना

**नई दिल्ली ।**

एथर एनर्जी कंपनी और महाराष्ट्र सरकार के बीच जल्द ही एक समझौता होने वाला है। कंपनी अपना तीसरा कारखाना महाराष्ट्र के औरंगाबाद में लगाने जा रही है जिसमें हर साल 10 लाख दोपहिया बनाए जा सकेंगे। सूत्रों ने कहा कि कारखाने के लिए जल्द ही राज्य सरकार के साथ समझौते पर दस्तखत किए जाएंगे। एथर एनर्जी के प्रवक्ता ने इस बारे में पूछने पर कोई जवाब नहीं दिया। कंपनी ने इस कारखाने पर कई चरणों में 1,000 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बना ली है। कारखाना 100 एकड़ में फैला होगा। एथर का यह कारखाना बिडकिन शहर में औरंगाबाद इंडस्ट्रियल सिटी में लगाया जाएगा, जो औरिक सिटी के नाम से भी मशहूर है। बिडकिन दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे में 10,000 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में बन रहे नए औद्योगिक स्मार्ट शहर का हिस्सा है। इस औद्योगिक क्षेत्र की 60 फीसदी जमीन इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग, टेक्सटाइल, खाद्य और रक्षा उत्पादन के लिए होगी। बाकी जमीन वाणिज्यिक और आवासीय परियोजनाओं के लिए होगी। कंपनी के दो कारखाने तमिलनाडु के होसुर में हैं, जिनमें एक वाहन असेंबली कारखाना और दूसरा बैटरी कारखाना है। असेंबली कारखाने में सालाना 4.20 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया बन सकते हैं। पहले एथर नए कारखाने के लिए गुजरात, तमिलनाडु और कर्नाटक में जमीन तलाश रही थी। सूत्रों ने कहा कि नए कारखाने से कंपनी को महाराष्ट्र और गुजरात जैसे प्रमुख बाजारों में इलेक्ट्रिक वाहन पहुंचाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे के जरिये कंपनी उत्तर भारत में भी अपने ई-स्कूटर आसानी से पहुंचा पाएगी।

औरंगाबाद कई दशक से वाहन उद्योग का केंद्र बना हुआ है। यहां बजाज ऑटो के साथ ही स्कोडा का भी कारखाना है। बजाज का इलेक्ट्रिक वाहन कारखाना महाराष्ट्र के चाकण में भी है। प्रमुख दोपहिया कंपनी टीवीएस मोटर्स का इलेक्ट्रिक स्कूटर कारखाना होसुर में है और ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का संयंत्र तमिलनाडु के रानीपेट में है। एथर एनर्जी इस साल के अंत तक या अगले साल की शुरुआत में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की योजना भी बना रही है।

# महिंद्रा ने नए मॉडल के 10,000 यूनिट्स किए सेल

## -महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्स0 की डिलीवरी शुरू हुई थी 26 मई से

**नई दिल्ली ।**

स्वदेशी वाहन निर्माता कंपनी महिंद्रा ने नए मॉडल के 10,000 यूनिट्स सेल कर लिए हैं। यह मई 2023 में बेची गई 5,125 यूनिट्स की तुलना में कमाल की ग्रोथ है। यहां 95 प्रतिशत की ग्रोथ है। महिंद्रा एक्सयूवी 300 भारत में कार खरीदारों के बीच काफी पॉपुलर है। हाल ही में इसके रिब्रांडेड वर्जन यानी महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्स0 को उतारा गया था। अब लेटेस्ट सेल रिपोर्ट से कमाल के आंकड़े सामने आए हैं। महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्स0 की डिलीवरी 26 मई से शुरू हुई थी और महज 6 दिन में कंपनी ने 10,000 यूनिट्स डिलीवर कर लिया। इससे अपडेटेड मॉडल के लिए भारी डिमांड का भी पता चलता है। इससे मॉडर्न कस्टमर्स को अपील करने वाले कई मॉडर्न फीचर्स भी दिए गए हैं। महिंद्रा एक्सयूवी3एक्स0 में 10.25-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया गया है। साथ ही इसमें वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो और ऐपल कारप्ले का भी सपोर्ट मौजूद है। एडिशनल फीचर्स की बात करें तो इसमें वायरलेस फोन चार्जर, पैनोरमिक सनरूफ और 7-स्पीकर हरमन कार्डन साउंड सिस्टम दिया गया है। भारत में इस एसयूवी की शुरुआती कीमत 7.49 लाख रुपये है। वहीं, इसके वेरिएंट की कीमत 15.49 लाख रुपये तक है। ये दोनों ही एक्स-शोरूम कीमतें हैं। आक्रामक कीमत होने के चलते अपने सेगमेंट में ये एक अच्छा ऑप्शन है।कार में कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी और डुअल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल भी मौजूद है। सेफ्टी के लिहाज से इसमें लेवल 2 अडास, 6 एयरबैग्स और 360 डिग्री कैमरा भी मौजूद है। इंजन की बात करें तो ग्राहकों को यहां 1.2-लीटर पेट्रोल, 1.2-लीटर डीआई पेट्रोल और 1.5-लीटर डीजल इंजन दिया गया है।

# आरबीआई ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर लगाया 1.45 करोड़ का जुर्माना

**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर 1.45 करोड़ रुपए का भारी जुर्माना लगाया है। बैंक पर यह जुर्माना लोन और एडवांसेज तथा कंज्यूमर प्रोटेक्शन से जुड़े निर्देशों का पालन न करने पर लगाया गया है। आरबीआई की ओर से यह जानकारी दी गई है। आरबीआई ने 31 मार्च, 2022 तक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पर्यवेक्षी मूल्यांकन (आईएसई 2022) के लिए इसका वैधानिक निरीक्षण किया था। सार्वजनिक क्षेत्र के इस बैंक को नोटिस जारी कर यह बताने को कहा गया था कि निर्देशों का पालन करने में विफल रहने पर उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए। बैंक के जवाब पर गौर करने के बाद आरबीआई ने पाया कि बैंक के विरुद्ध लगाए गए आरोप सही हैं। बैंक ने सब्सिडी के रूप में सरकार से प्राप्त होने वाली राशि के एवज में एक कंपनी को कार्यशील पूंजी मांग ऋण स्वीकृत किया था। इसके साथ ही बैंक कुछ अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन के मामलों में शामिल राशि को भी निर्धारित समय के भीतर ग्राहकों के खाते में जमा नहीं कर पाया। आरबीआई ने एक अन्य बयान में कहा कि केवाईसी निर्देश, 2016 सहित कुछ मानदंडों का पालन न करने के लिए सोनाली बैंक पीएलसी पर 96.4 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई



ने कहा कि दोनों मामलों में लगाए दंड नियामकीय अनुपालन में खामियों पर आधारित हैं और इसका उद्देश्य संस्थाओं द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर निर्णय लेना नहीं है।

# एयरटेल ने स्पेक्ट्रम के लिए मिले 7,904 करोड़ का बकाया चुकाया



**नई दिल्ली ।** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने कहा है कि उसने 2012 और 2015 में आवंटित स्पेक्ट्रम के लिए दूरसंचार विभाग को 7,904 करोड़ रुपये का पूरा बकाया का भुगतान कर दिया है। एयरटेल ने 2012 की नीलामी में 8.67 करोड़ रुपये और 2015 की नीलामी में 29,129 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम सरकार से हासिल किए थे। एयरटेल ने एक बयान में कहा कि दूरसंचार विभाग को 7,904 करोड़ रुपये का पूर्व-भुगतान कर दिया गया है। इसके साथ ही कंपनी ने वर्ष 2012 और 2015 की नीलामी में प्राप्त स्पेक्ट्रम से संबंधित सभी स्थगित देनदारियों का पूर्ण भुगतान कर दिया है। कंपनी ने कहा कि ये देनदारियां 2012 में हासिल स्पेक्ट्रम पर 9.75 प्रतिशत की दर से थीं जबकि 2015 की नीलामी में मिले स्पेक्ट्रम के लिए इसकी ब्याज दर 10 प्रतिशत थी।मार्च, 2024 के अंत तक एयरटेल का एकीकृत ऋण घटकर 2,04,646 करोड़ रुपये हो गया।



# केंद्र की मोदी सरकार ने कच्चे तेल पर घटाया विंडफॉल टैक्स

## -5,200 रुपए से घटाकर 3,250 रुपए प्रति टन किया

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स घटाते हुए इसे 3,250 रुपए प्रति टन कर दिया है। पिछले पखवाड़े यह 5,200 रुपए प्रति टन था। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार टैक्स की नई दर 15 जून से प्रभावी हो गई है। डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन पर विंडफॉल टैक्स को शून्य पर बरकरार रखा है। सरकार हर 15 दिन में विंडफॉल टैक्स की समीक्षा करती है। हाल के महीनों में कई बार कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स कम किया गया है। एक जून को इसे 5,700 रुपए प्रति टन से घटाकर 5,200 रुपए प्रति टन किया गया था। वहीं, 16 मई को केंद्र सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 8,400 रुपए से घटाकर 5,700 रुपए प्रति टन किया था। इससे पहले एक मई को इसे 9,600 रुपए से घटाकर 8,400 रुपए प्रति टन किया था। कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स कम करने का सीधा असर घरेलू स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादक कंपनियों जैसे ओएनजीसी और ऑयल इंडिया को मिलता है। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने के कारण कंपनियों को हो रहे अप्रत्याशित लाभ पर विंडफॉल टैक्स लगाया जाता है। इस टैक्स की शुरआत जुलाई 2022 से की गई थी।

# सेबी ने ग्रोवैल्यू फिन सर्विसेज का पंजीकरण रद्द किया

**नई दिल्ली ।** बाजार नियामक सेबी ने नियामकीय मानकों का उल्लंघन करने पर ग्रोवैल्यू फाइनेंशियल सर्विसेज का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिया। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अप्रैल 2021 से अगस्त 2022 तक सेबी के पास पंजीकृत अनुसंधान विश्लेषक फर्म ग्रोवैल्यू फाइनेंशियल सर्विसेज से जुड़े मामलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण इसे लिए किया गया था कि क्या फर्म के बहीखाते और रिकॉर्ड सही ढंग से तैयार किए जा रहे थे और क्या फर्म सेबी के अनुसंधान विश्लेषक मानदंडों के प्रावधानों का पालन कर रही थी। सेबी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने अपने आदेश में कहा कि नोटिस प्राप्तकर्ता (ग्रोवल्यू फाइनेंशियल सर्विसेज) ने अनुसंधान विश्लेषक विनियमों के प्रावधानों का उल्लंघन किया है और अपने पंजीकरण प्रमाणपत्र की शर्तों का पालन करने में विफल रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए उसका पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द किया जा रहा है।

# एसबीआई ने एमसीएलआर दर बढ़ाई, घर के लिए लोन लेना होगा महंगा



**नई दिल्ली ।** अब घर का सपना देख रहे लोगों को बैंक से लोन महंगा पड सकता है। देश के प्रमुख बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने एमसीएलआर रेट में 0.1 फीसदी की बढ़ोतरी की है, जिससे लोन लेने वाले उपभोक्ताओं पर ईएमआई का बोझ बढ़ सकता है। यानी कि अब लोन पर ज्यादा ईएमआई चुकाना होगा। वहीं स्टेट बैंक की वेबसाइट के मुताबिक एमसीएलआर की नई दर 15 जून से लागू हो गई है। इस बदलाव के साथ ही एक साल का एमसीएलआर रेट बढ़कर 8.75 फीसदी हो गया है, जो पहले 8.65 फीसदी था। दर में बदलाव के बाद ओवरनाइट एमसीएलआर अब 8.00 फीसदी से बढ़कर 8.10 फीसदी हो गया है, जबकि एक महीने और तीन महीने का एमसीएलआर 8.20 फीसदी से बढ़कर 8.30 फीसदी हो गया है। छह महीने का एमसीएलआर अब 8.55 फीसदी से बढ़कर 8.65 फीसदी हो चुका है। इसके अलावा दो साल का एमसीएलआर 8.75 फीसदी से बढ़कर 8.85 फीसदी हो गया है और तीन साल का एमसीएलआर अब 8.85 फीसदी से बढ़कर 8.95 फीसदी हो गया है। यानी कि अब आपको हर महीने पहले से ज्यादा लोन पर ईएमआई चुकाना होगा। बता दें कि होम और ऑटो लोन समेत ज्यादातर रिटेल लोन एक साल की एमसीएलआर दर से जुड़े हैं। एमसीएलआर में बढ़ोतरी से आरबीआई रेपो रेट या ट्रेजरी बिल यीले ड जैसे बाहरी बेंचमार्क से जुड़े कर्ज लेने वाले कस्टमर्स पर इसका कोई असर नहीं पड़ता है। अक्टूबर 2019 से एसबीआई समेत बैंकों को नए लोन को इन बाहरी बेंचमार्क से जोड़ना आवश्यक हो गया है।

# सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड

- सेंसेक्स 181 अंकों की बढ़त के साथ 76,992 पर बंद
- निफ्टी 66 अंक मजबूत होकर 23,465 पर बंद




**मुंबई ।**

चुनिंदा शेयरों की लिवाली और निर्यात के आंकड़ों से घरेलू शेयर बाजार कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को जोरदार तेजी के साथ बंद हुए। बाजार के जानकारों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की खरीदारी से भी शेयर बाजार प्रभावित हुआ। घरेलू शेयर बाजार में बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों में से दो दिन गिरावट और तीन दिन जोरदार तेजी देखी गई। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 61.05 अंक फिसलकर 76,601.96 पर खुला और 77,079.04 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 13.31 अंक टूटकर 23,276.85 पर खुला और 23,411.90 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार में कमजोर शुरुआत हुई। प्री ओपनिंग में बढ़त के बावजूद शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान पर कारोबार करते दिखे। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 113.63 अंक की गिरावट के साथ 76,376.45 अंक पर खुला और 33.49 अंक की गिरावट के साथ 76,456.59 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 29.6 अंक फिसलकर 23,229.60 अंक पर खुला और 5.65 अंक की मामूली बढ़त के साथ 23,264.85 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को 166 अंक की बढ़त के साथ 76,622 पर खुला और 149.98 अंकों की बढ़त के साथ 76,606.57 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 51 अंकों की मजबूती के साथ 23,316 पर खुला और 58.11 अंक चढ़कर 23,322.95 के लेवल पर बंद हुआ। गुरुवार को आईटी और रियल्टी शेयरों में मजबूती के साथ कारोबार होता दिखा। सेंसेक्स 287.51 अंकों की बढ़त के साथ 76,889.96 पर खुला और 204.33 अंकों की बढ़त के साथ 76,810.90 पर बंद हुआ। निफ्टी 77.60 अंक मजबूत होकर 23,400.55 पर खुला और 75.96 अंक मजबूत होकर 23,398.90 पर बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती बढ़त के बाद ऊपरी स्तरों से बिकवाली दिखी। सेंसेक्स 163.48 अंक टूटकर 76,611.05 पर खुला और 181.87 अंकों की बढ़त के साथ 76,992.77 पर बंद हुआ। निफ्टी 40.16 अंक फिसल कर 23,358.75 पर खुला और 66.70 अंक मजबूत होकर 23,465.60 के स्तर पर बंद हुआ।

# असम में वर्ष 2027 तक 3,000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्यः हिमंत



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राज्य 2027 तक 3,000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य बना रहा है। शर्मा ने डिब्रूगढ़ के नामरूप में 25 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखते हुए कहा कि यह पर्यावरण के प्रति राज्य का योगदान होगा। उन्होंने कहा कि हम पहले से ही 200 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन की प्रक्रिया में हैं। इस वर्ष के भीतर बाकी क्षमता के लिए काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नामरूप संयंत्र 115 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा और चालू हो जाने पर यह हरित ऊर्जा व्यवस्था की तरफ राज्य की बहुआयामी रणनीति में शामिल हो जाएगा। असम पावर जनरेशन कॉरपोरेशन और ऑयल इंडिया लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उद्यम (जेवी) वाली इस परियोजना के जुलाई, 2025 तक पूरी होने की संभावना है। शर्मा ने कहा कि राज्य में फिलहाल सात सौर ऊर्जा संयंत्र संचालित हैं, जिनसे प्रतिदिन 175 मेगावाट बिजली पैदा होती है।

# मस्क के स्टारलिंक और अमेजन से आगे निकला जियो

## - सैटकॉम सेवा के लिए इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथोराइजेशन सेंटर से मिली मंजूरी

**नई दिल्ली ।**


जियो प्लेटफॉर्म्स को इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथोराइजेशन सेंटर से मंजूरी मिल गई है। इस अंतिम मंजूरी से कंपनी देश में सैटेलाइट कम्युनिकेशन (सैटकॉम) सर्विसेज लॉन्च कर सकेगी। यह मंजूरी ऐसे समय में मिली है जब एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्टारलिंक और अमेजन के प्रोजेक्ट कूपर जैसी वैश्विक दिग्गज कंपनियां देश में अपनी सेवाएं शुरू करने के लिए नियामक मंजूरी का इंतजार कर रही हैं। ऐसे में अमेजन और स्टारलिंक से आगे निकलते हुए जियो प्लेटफॉर्म्स द्वारा सैटेकॉम सर्विसेज दी जा सकेंगी। भारती एंटरप्राइजेज बैक्ड यूटेलसैट वनवेब एकमात्र अन्य कंपनी है जिसे पहले ही सभी आवश्यक मंजूरियां मिल चुकी हैं। एक बार सरकार द्वारा स्पेक्ट्रम आवंटन हो जाने के बाद जियो प्लेटफॉर्म्स अपने जॉइंट वेंचर पार्टनर लक्जमबर्ग स्थित सैटकॉम कंपनी एसईएस के साथ सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं प्रदान करेगा। अधिकारियों के मुताबिक ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन्स बाय सैटेलाइट और इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर लाइसेंस के साथ अंतरिक्ष संचार से संबंधित किसी भी गतिविधि के लिए इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथोराइजेशन सेंटर से ऑथोराइजेशन की जरूरत होती है। लॉन्चिंग के लिए सैटेलाइट ऑपरेट करने के लिए संचार स्थापित करने लिए स्पेस ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम जैसे कई तरह की गतिविधियों के लिए ऑथोराइजेशन की जरूरत होती है। सैटेलाइट कम्युनिकेशन्स (सैटकॉम) सेवाएं डेटा और वॉयस को ट्रांसमिट करने और रिसीव करने के लिए सैटेलाइट का उपयोग करती हैं। इनका उपयोग कई तरह के क्षेत्रों में किया जा सकता है। खासतौर पर जहां ट्रेडिशनल लैंड-बेस्ड तरीके से सेवाएं नहीं दी जा सकती। इसी तरह आपदा के दौरान लोकल टेलीकॉम स्ट्रक्चर के खराब होने पर भी टेलीकॉम सेवाएं आसानी से सैटकॉम के जरिए दी जा सकती हैं। साथ ही सैटकॉम सर्विसेज इन-फ्लाइट, रेल और मैरीटाइम कम्युनिकेशन को भी सपोर्ट कर सकती हैं।




# कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बदलीं



**नई दिल्ली ।** सरकारी तेल कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। जिसके मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में फ्यूल की कीमतों में गिरावट हुई तो वहीं देश के कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव देखा गया। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.76 रुपये और डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.73 रुपये और डीजल 92.32 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.19 रुपये और डीजल 92.13 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये और डीजल 90.74 रुपये प्रति लीटर है। वहीं पटना में पेट्रोल 105.16 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.03 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 99.82 रुपये और डीजल 85.92 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.74 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.39 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.63 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.22 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.38 रुपये प्रति लीटर और जयपुर में पेट्रोल 104.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.34 रुपये प्रति लीटर है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in